卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवहिं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण


♦वर्ष 23 ♦अंक 77 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦23 दिसम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

### कोरोना से निपटने के लिए सरकार ने लिया अहम फैसला

# नेजल वैक्सीन को मंजूरी

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। चीन में कोरोना से मचे हाहाकार के बीच भारत में कोरोना को रोकने के लिए सरकार अलर्ट हो गयी है। पीएम नरेंद्र मोदी की कोरोना समीक्षा बैठक के एक दिन बाद ही सरकार ने अहम फैसला लेते हुए इंट्रानेजल वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। भारत बायोटेक की इस नेजल वैक्सीन को बूस्टर खुराक के तौर पर इस्तेमाल की आज से ही इजाजत दे दी गई है। हालांकि ये वैक्सीन अभी केवल प्राइवेट अस्पतालों में मिलेगी। केंद्र सरकार द्वारा इससे पहले भी नेजल वैक्सीन को मंजूरी दी गई थी। 6 सितंबर को भारत के औषधि



महानियंत्रक ने उस समय केवल आपात कालीन उपयोग के लिए इसको मंजूरी दी थी। डीसीजीआई ने 18 साल के ऊपर के लोगों को इसकी मंजूरी दी थी। बता दें कि यह वैक्सीन टीके के जरिए नहीं दी जाती है। इसकी खासियत यही है कि वैक्सीन को नाक में स्प्रे करने के माध्यम से दिया जाता है। फिलहाल सरकार ने 18 साल के उपर के लोगों के लिए ही इसको मंजूरी दी है जो प्राइवेट अस्पताल में जाकर लगवा सकेंगे। भारत में कोरोना टीकाकरण अभियान की सफलता के पीछे कोविन ऐप को माना जाता है। वैक्सीन की उपलब्धता के बारे में रियल टाइम जानकारी देने वाले इस ऐप के जरिए लोग अपना स्लॉट बुक करवाने में काफी सहायता पाते थे। इस बीच सरकार आज शाम से इस ऐप पर नेजल वैक्सीन की उपलब्धता की भी जानकारी देगी। इंट्रानेजल वैक्सीन (शेष पृष्ठ सात पर)

# भारत में नहीं होंगे चीन जैसे हालात

### आईआईटी के प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने किया दावा

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। कोरोना से चीन में हाहाकार के बीच आईआईटी कानपुर के प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल का दावा है कि नए वैरिएंट बीएफ-7 से देशवासियों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कोरोना का यह नया वैरिएंट उन लोगों को चपेट में ले सकता है जिनकी इम्यूनिटी वैक्सीन की वजह से बनी हो। वैक्सीन से इम्यूनिटी जनरेट करने वाले दो फीसदी लोग ही हैं। बाकी सभी की नेचुरल इम्युनिटी बनी है, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। प्रो. मणींद्र अपने गणितीय मॉडल सूत्र की मदद से कोरोना के उतार चढ़ाव का आकलन करते हैं। उनके आंकलन पहले भी सटीक साबित हुए हैं। प्रो. अग्रवाल ने कहा कि भारत में चीन जैसे हालात बिल्कुल भी नहीं होंगे। उन्होंने लोगों से कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। जैसे सामान्य जीवन जी रहे हैं, वैसे ही जीएं, अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रो. अग्रवाल ने बताया कि भारत में खतरे की कोई वजह नहीं है, क्योंकि भारत में 98 प्रतिशत से ज्यादा लोगों में नैचुरल इम्युनिटी विकसित हो चुकी है। अभी तक स्टडी में जो (शेष पृष्ठ सात पर)

# काशीपुर-रामनगर के बीच दो ट्रेनों का संचालन किया बंद

काशीपुर(उद संवाददाता)।काशीपुर से रामनगर के बीच दो ट्रेनों का संचालन आज से बंद कर दिया गया है। आज यानी 23 दिसम्बर 2022 से 06 जनवरी 2023 तक काशीपुर से रामनगर के मध्य रेलपथ नवीनीकरण कार्य के लिए बंद किया गया



है। इस दौरान रामनगर से काशीपुर आने जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। जिससे आगामी दिनों में गाडी संचालन का कार्य अधिक सुगमता तथा संरक्षा से किया जा सकेगा। इस दौरान गाडी सं. 05365 मुरादाबाद से रामनगर का संचालन अब मुरादा बाद से काशीपुर के मध्य किया जाएगा यानी कि गाडी संख्या 05365 काशीपुर से रामनगर के मध्य निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी सं. 05368 रामनगर से मुरादाबाद का संचालन अब काशीपुर से मुरादाबाद के मध्य किया जाएगा अर्थात गाडी सं. 05368 रामनगर से काशीपुर के मध्य निरस्त रहेगी।

# ड्रग एजेंसी के मैनेजर ने फर्म स्वामी के 15 लाख हड़पे

### पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर भाई व पिता को भी धोखाधड़ी में किया नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। ड्रग एजेंसी में कार्यरत एक शातिर दिमाग मैनेजर ने अपने भाई व पिता से हमसाज होकर फर्म स्वामी को भरोसे में लेते हुए लगभग 15 लाख रुपयों की रकम हड़प कर ली। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर सिंघल नर्सिंग होम के समीप रामनगर रोड निवासी मणि मेहरोत्रा पत्नी सचिन मेहरोत्रा ने बताया कि मैसर्स मेहरोत्रा ड्रग एजेंसी के नाम से उसकी फर्म है। ग्राम बेंतवाला थाना कुंडा निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र बलबीर सिंह पिछले लगभग 16-17 वर्षों के करीब से वित्तीय लेनदेन की जिम्मेदारी संभालते हुए प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। महिला ने एसएसपी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि पिछले कुछ समय से पति की तबीयत खराब होने के कारण फर्म की जिम्मेदारी उस पर आ गई लेकिन घरेलू जिम्मेदारियों के कारण वह समय नहीं दे पा रही थी। देवेंद्र के विश्वासपात्र होने के कारण सारा दारोमदार उस पर छोड़ दिया। देवेंद्र भी फर्म स्वामिनी को समय-समय पर आश्वस्त कराता रहा कि वह वित्तीय लेनदेन एवं बैंकिंग भली प्रकार करा रहा है। महिला ने पुलिस को बताया कि हाल ही में उसने जब बकायेदारों के विवरण का बारीकी से निरीक्षण किया तो पता चला कि उक्त देवेंद्र द्वारा लगभग 15 लाख रुपयों का गबन किया गया है। इस घोटाले में उसका भाई सुनील कुमार तथा पिता बलवीर सिंह भी शामिल है। देवेंद्र से जब इस बारे में गहन पूछताछ की गई तो उसने लिखित रूप में 9 लाख रुपए हड़प करने की बात कबूल की। शिकायत करने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि देवेंद्र ने वर्ष 2020 में कई मेडिकल स्टोरों से एक-एक लाख रुपयों के चेक अपने नाम बनवाकर खुद के खाते में डाल दिए। वह लंबे समय से दुकान के स्टॉक की भी चोरी किया करता था। महिला ने पुलिस को बताया कि पिछले 7 माह के करीब से वह ड्यूटी पर नहीं आ रहा है। हड़प की गई रकम मांगने पर देवेंद्र द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने इस मामले में एसएसपी के निर्देश पर आरोपी देवेंद्र उसके भाई सुनील तथा पिता बलवीर के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# नाबालिग के नाम कराया करोड़ों की संपत्ति का नामांतरण

### पिता पुत्र पर लटकी कानून की तलवार ,आरटीआई से हुआ खुलासा

काशीपुर(उद संवाददाता)। पिता पुत्र ने सोची समझी साजिश के तहत तत्कालीन नगर पालिका व न्यायालय को गुमराह कर करोड़ों की संपत्ति का नामांतरण करा लिया। आरटीआई के माध्यम से धोखाधड़ी का मामला उजागर होने के बाद आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की रूपरेखा तय की जा रही है। ज्ञातव्य है कि रतन सिनेमा रोड स्थित मोहल्ला गंज निवासी उमेश गुप्ता पुत्र सुखनंदन प्रसाद की रतन सिनेमा रोड पर कई दुकानें हैं जिसका वह पिछले लगभग 40 वर्षों से किराया ले रहे हैं। इस मामले में मानपुर रोड प्रकाश रेजिडेंसी निवासी अधिवक्ता हेमंत प्रकाश ने जब आरटीआई के माध्यम से सूचना मांगी तो तमाम चौकाने वाली बातें प्रकाश में आई। श्री ब्रदर्स नामक प्रतिष्ठान के स्वामी उमेश गुप्ता ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे अधिकारियों को गुमराह कर वर्ष 1987-88 में संपत्ति अपने एक वर्षीय पुत्र वरुण को नामांतरण करा दिया। जबकि कानूनन ऐसा करना पूरी तरह से गलत है। इतना ही नहीं बल्कि वर्ष 2013 में सिविल कोर्ट काशीपुर को गुमराह करते हुए उक्त संपत्ति का सह स्वामी बताकर संपत्ति के बंटवारे हेतु डिक्री हासिल कर लिया। उमेश गुप्ता व कृष्णा गुप्ता ने कहा कि उनके पुत्र वरुण गुप्ता को उक्त संपत्ति का एकल स्वामी बना दिया जाए। वर्ष 2013 की 7 अगस्त को न्यायालय ने सुनवाई के दौरान वरुण गुप्ता को उक्त संपत्ति का एकल स्वामी घोषित कर दिया जबकि संपत्ति के स्वामी होने के साक्ष्य के रूप में उमेश गुप्ता उपरोक्त ने कोर्ट में नगर पालिका के हाउस टैक्स की मात्र रसीद लगाई थी। यह वही रसीद थी जिसमें उमेश गुप्ता ने अपनी एक वर्षीय पुत्र वरुण के नाम(शेष पृष्ठ सात पर)

# लाखों की स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

### प्रयुक्त बाइक सीज, रिमांड पर लेने की तैयारी

काशीपुर। लाखों की स्मैक समेत कुंडा पुलिस ने नशे के एक और सौदागर को पकड़ने में सफलता पाई है। क्षेत्राधिकारी ने आज थाने में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में नशे के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस क्षेत्र में गशत पर थी इसी दौरान अनाज मंडी के पीछे ढेला नदी की ओर जाने वाले रास्ते पर अपाचे संख्या



यूपी21बीटी/6331 पर सवार होकर फर्राटा भर रहे एक युवक को पुलिस ने शक के आधार पर रोक लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 141 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस की कड़ी पूछताछ में गिरफ्तार नशे के सौदागर ने अपना नाम अफजलपुर थाना मुंडा पांडे जनपद मुरादाबाद निवासी मोहम्मद कासिम पुत्र मोहम्मद आरिफ बताया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में गिरफ्तार नशे के सौदागर ने बताया कि जनपद बरेली के फतेहगंज इलाके से एक व्यक्ति(शेष पृष्ठ 7 पर)

# संदिग्ध हालातों में युवक लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र से एक युवक बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताया जा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवक का पता लगाना शुरू कर दिया। पता चला है कि मोहल्ला कटोराताल छिद्दी हलवाई के समीप निवासी शादाब 25 वर्ष पुत्र सईद बीती 14 दिसंबर की शाम लगभग 7:00 बजे परिजनों को बगैर बताए घर से कहीं चला गया। काफी देर बाद भी जब वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों को इसकी चिंता सताने (शेष पृष्ठ 7 पर)

# हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में लगाई आस्था की डुबकी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंधन कमेटी के तत्वाधान में हर माह में लगने वाली अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में दरबार साहिब में शीश नवाकर परिवार की खुशहाली की अरदास की और गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने पंजा साहिब की



परिक्रमा कर देशी घी की ज्योत एवं नमक चढ़ाकर पंजा साहिब के दर्शन भी किए। श्रद्धालुओं ने दूध वाला कुआं,गुरुद्वारा छेवी पातशाही, बाऊली साहिब, अजायबघर के दर्शन कर अपने को धन्य किया। भंडारा साहिब में अमृत संचार कराया गया। अलमस्त दीवान हॉल में दीवान सजाया गया। प्रसिद्ध रागी, दाढी कविसरी जत्थों ने शब्द कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया और गुरु के बताए मार्ग पर चलने का उपदेश दिया। श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्रों की शहादत को याद करते हुए। उनके इतिहास की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। गुरुद्वारा लंगर हाल में गुरु का अटूट लंगर बताया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। अमावस्या पर्व पर सुरक्षा के मद्देनजर जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रहीं। (शेष पृष्ठ सात पर)

# एएसपी ने लगाई रात्रि चौपाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह द्वारा थाना कालाढूंगी में चौपाल के माध्यम से गणमान्य लोगों से मुलाकात कर वार्ता की गई। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्या एवम उनके सुझाव के साथ उन्हें जागरूक भी किया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मीटिंग में समस्त व्यक्तियों को जागरूक करते



हुए कई बिंदु पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा अपने नाबालिक बच्चों को वाहन ना दें तथा उन्हें इस संबंध में जागरूक करें। उत्तराखंड पुलिस द्वारा चलाए जा रहे उत्तराखंड पुलिस एप को डाउनलोड करते हुए गौरा शक्ति एप में अधिक से अधिक महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करवाए जाने तथा इस ऐप में (शेष पृष्ठ सात पर)

# बूस्टर डोज कैंप लगाकर चलायें टीकाकरण अभियान

## सीएम धामी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वास्थ्य विभाग के साथ कोरोना को लेकर बैठक की, जिसमें उत्तराखंड में कोरोना रोकथाम को लेकर चर्चा की गई। सीएम ने कहा कि कोविड पर प्रभावी नियंत्रण के लिए राज्य में बूस्टर डोज लगाने के लिए अभियान चलाया जाए। कल शुक्रवार से ही बूस्टर डोज लगाने के लिए कैंप लगाए जाएंगे। कोविड पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सचिवालय में बैठक ली। उन्होंने सभी जनपदों में कंट्रोल रूम सक्रिय किए जाने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड के जो भी नये मामले आएंगे, उनकी जीनोम सिक्वेंसिंग भी कराई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बूस्टर डोज लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। इसका विभिन्न माध्यमों से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी किया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को कोविड की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड बूस्टर डोज की जितनी आवश्यकता है, शीघ्र केंद्र सरकार को डिमांड भेजी जाए। सभी आवश्यक संसाधनों की पूर्ण उपलब्धता रखी जाए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बैठक में वर्चुअल प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि बूस्टर डोज पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाए। राज्य में कोविड की प्रथम एवं द्वितीय डोज लगभग शत प्रतिशत लोगों को लग चुकी है। बूस्टर डोज के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अशोक कुमार, सचिव श्री रंजीत सिन्हा, डॉ. आर. राजेश कुमार, विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव अमरदीप कौर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में कोरोना पर प्रभावी रोकथाम के लिए बूस्टर डोज लगाने का अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार से ही टीकाकरण के कैंप लगाए जाएं। कोरोना के जो भी नए मामले सामने आएं, उनमें जिनोम सिक्वेंसिंग की जाए। वहीं



लंबे समय बाद एक बार फिर उत्तराखंड में सख्ती देखने को मिल सकती है। सचिव स्वास्थ्य डा आर राजेश कुमार ने सभी जिलाधिकारियों को कोरोना से बचाव व नियंत्रण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें स्पष्ट किया गया है कि खांसी-जुकाम से पीडिघ्त सभी रोगियों की कोरोना जांच की जाए। सभी का विवरण पोर्टल में प्रविष्ट किया जाए। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र व त्योहारी सीजन पर आमजन को मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। हाई-रिस्क आबादी में अनिवार्य रूप से टीकाकरण पूरा किया जाए। अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन सिलिंडर, कंसनट्रेटर, आक्सीजन बेड, वेंटिलेटर व आइसीयू बैड की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यह भी कहा गया है कि हल्के लक्षण वाले कोरोना पीडिघ्त रोगियों का उपचार होम-आइसोलेशन में किया जाए। गंभीर लक्षण पाए जाने पर इन्हें संबंधित चिकित्सालयों में संदर्भित किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों के साथ ही सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को कोरोना पाजिटिव पाए गए सभी सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए राजकीय दून मेडिकल कालेज, देहरादून को प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में कोरोना रोकथाम के संबंध में बैठक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में बूस्टर डोज के लिए कैंप लगाए जाएं। इसके साथ ही कंट्रोल रूम भी सक्रिय किए जाएं। आमजन को बूस्टर डोज लगाने को प्रेरित किया जाए। इसका विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव डा एसएस संधु को कोरोना के मामलों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बूस्टर डोज की आवश्यकतानुसार मांग केंद्र को भेजी जाए। साथ में कोरोना संक्रमण की रोकथाम से संबंधित सभी आवश्यक संसाधनों की पूर्ण उपलब्धता रखी जाए। बैठक में वचुर्अल रूप से शामिल स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत ने कहा कि सबसे अधिक ध्यान बूस्टर डोज लगाने पर केंद्रित किया जाए। राज्य में कोरोना से बचाव की प्रथम व द्वितीय डोज शत-प्रतिशत लगाई जा चुकी है। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अशोक कुमार, सचिव रंजीत सिन्हा, डा आर राजेश कुमार, विनोद कुमार सुमन व अपर सचिव अमरदीप कौर समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ नागरिकों की खेलकूद व हुनर प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संस्था श्री आनंद आश्रम (बाबा नीब करोरी वृद्ध आश्रम) द्वारा आयोजित ष्वृद्ध महोत्सव 2022 वरिष्ठ नागरिक खेल कूद एवं हुनर प्रतियोगिता का शुभारंभ बद्रीपुरा



मिनी स्टेडियम में किया गया। जिसमे वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।श्री आनंद आश्रम द्वारा फुटबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बैडमिंटन में 16 एवं फुटबॉल में 30 वरिष्ठ नागरिकों ने प्रतिभाग किया।दोनो खेल प्रतियोगिता का उद्घघाटन मुख्य अथिति हरबंश सिंह एस.पी सिटी ने किया। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अथिति नरेंद्र साह, नवीन वर्मा, विशिष्ट अतिथि जानकी कार्की उपस्थित थी।,कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश पांडे ने की।एसपी सिटी ने कहा कि आनंद आश्रम द्वारा वृद्ध महोत्सव 2022 अपने आप मे बहुत ही सराहनीय और बेहतरीन कोशिश है। इससे बुजुर्गों में ऊर्जा का नया संचार होगा। ऐसा उन्होंने सोचा भी न था कि कोई ऐसी पहल वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी कर सकता है। मुख्य अतिथि ने भूरी भूरी प्रशंसा कर कहा यह प्रयास सराहनीय है जिसमे उनको सबका सहयोग अवश्य मिलेगा। यह कोशिश बुजुर्गो के जीवन मे क्रांति लाएगी। सभी अतिथियों को कनक चंद एवं अधिवक्ता मनीष चंद ने सम्मान पट्टिका और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।खेल प्रतियोगिता का संचालन कार्यक्रम सृजक और निदेशक कनक चंद और हरीश भाकुनी ने किया। संस्था सचिव मनीष चंद ने बताया कि सभी विजेताओं को आगामी 27 दिसंबर को होने वाले वृद्ध महोत्सव 2022 के भव्य आयोजन में पुरस्कृत किया जाएगा। सभी बुजुर्गों ने कनक चंद और श्री आनंद आश्रम की टीम को हार्दिक धन्यवाद और ढेरों आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मनीष चंद, विजय जोशी, लाल सिंह धामी, ममता देवल, योगिता बनौला, पूजा बोहरा, राजेन्द्र जोशी, नीरज मिश्रा एवं वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

## बेटी से दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता को 25 साल के कठोर कारावास की सजा

देहरादून(उद संवाददाता)। विशेष न्यायाधीश पोक्सो अपर जिला जज मीना देउपा की ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले सौतेले पिता को 25 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर दोषी को तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। शासकीय अधिवक्ता अल्पना थापा के अनुसार, 17 अक्टूबर 2020 को एक महिला ने डोईवाला कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी दो बेटियां हैं। उसका पति काम की तलाश में वर्ष 2020 में डोईवाला आया था, लेकिन घर वापस नहीं गया। ऐसे में वह दोनों बेटियों को लेकर डोईवाला आ गई। काफी तलाश करने के बाद भी पति का पता नहीं चला तो आजीविका चलाने के लिए महिला डोईवाला में ही दिहाड़ी मजदूरी करने लगी। इस दौरान उसकी मुलाकात एक राजमिस्त्री से हुई, जो मूल रूप से ग्राम फरसा ठांगी, जिला अररिया (बिहार) का रहने वाला है। डोईवाला में वह किराये के मकान में रहता था। नजदीकियां बढ़ने पर महिला ने राजमिस्त्री से शादी कर ली। महिला ने बताया कि राजमिस्त्री की नजर उसकी 15 वर्षीय बड़ी बेटी पर थी। वह उसके साथ अक्सर छेड़खानी करता था। इसके बाद राजमिस्त्री रात में सभी के सो जाने पर नाबालिग को पीटने व जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। यह घटनाक्रम करीब दो माह तक चलता रहा। 17 अक्टूबर 2020 की रात जब राजमिस्त्री नाबालिग के पास गया तो पीड़ित ने उसे धक्का देकर दूर कर दिया। इस बीच उसकी मां जाग गई और पीड़ित ने पूरी घटना मां को बताई। मेडिकल रिपोर्ट में भी दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। महिला की तहरीर पर डोईवाला कोतवाली पुलिस ने राजमिस्त्री के खिलाफ 18 अक्टूबर 2020 को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में दो महीने बाद पुलिस ने कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया। 14 जनवरी 2021 से केस की पैरवी शुरू हुई। चार नवंबर 2022 को अदालत ने इस मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया था, जो गुरुवार को सुनाया गया। दोषी राजमिस्त्री अभी जेल में है।

## कुख्यात चीनू पंडित की अल्पकालिक जमानत मंजूर

नैनीताल । हाई कोर्ट ने कुख्यात विनीत शर्मा उर्फ चीनू पंडित की अल्पकालिक जमानत गुरुवार को मंजूर कर ली। चीनू को उसके भाई के लीवर ट्रांसप्लांट के लिए 45 दिन की जमानत मिली है। आकाश त्यागी की हत्या के मामले में चीनू पंडित वर्ष 2016 से देहरादून जेल में बंद है। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा की एकलपीठ में चीनू की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। चीनू ने वर्ष 2016 में आकाश त्यागी की हत्या कर दी थी, जिसकी प्राथमिकी आकाश के मामा ने हरिद्वार के गंगनहर थाने में दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि चीनू आकाश को अपने साथ ले गया था। वह रात तक घर नहीं पहुंचा। इस पर उसकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान विनीत शर्मा उर्फ चीनू आकाश को गोली मारते दिखा। छह साल से जेल में बंद चीनू ने अपने भाई के इलाज के लिए कोर्ट से अल्पकालिक जमानत मांगी थी। गौरतलब है कि देहरादून के विकासनगर के आसन बैराज के पास से एसटीएफ ने 13 जुलाई 2016 को प्रदेश के कुख्यात बदमाश विनीत शर्मा उर्फ चीनू पंडित को गिरफ्तार किया था। तब उसके पास से एके 47 राइफल और कारतूस भी बरामद हुआ था। चीनू के विरुद्ध उत्तराखंड के विभिन्न थानों में कुल 27 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के समय चीनू पंडित उत्तराखंड में तेजी से अपना नेटवर्क बना रहा था। इस बीच उसकी कुख्यात सुशील राठी गैंग के साथ दुश्मनी भी बढ़ रही थी।

## नार्को टेस्ट करने से पुलकित व सौरभ ने लिया यूटर्न, तीन जनवारी को सुनवाई

देहरादून। ऋषिकेश के वनंतरा रिसार्ट में कार्यरत युवती की हत्या के मामले में नार्को व पालीग्राफ टेस्ट करवाने की चल रही प्रक्रिया में आरोपित रिसार्ट स्वामी पुलकित आर्या व प्रबंधक सौरभ भास्कर ने यू-टर्न ले लिया है। दोनों आरोपितों ने गुरुवार को अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) कोटद्वार में प्रार्थनापत्र दाखिल किया। इस मामले में अब अगली सुनवाई तीन जनवरी को होगी। आरोपितों ने कहा कि नार्को व पालीग्राफ टेस्ट अलग-अलग प्रकृति के हैं। विवेचक ने अपने प्रार्थनापत्र में यह स्पष्ट नहीं किया है कि उनको किस जानकारी को प्राप्त करने के लिए नार्को टेस्ट करवाना है और किस जानकारी के लिए पालीग्राफ टेस्ट करवाना है। या एक ही जानकारी के लिए दोनों टेस्ट करवाने हैं। स्पष्ट जानकारी के अभाव से आरोपितों की ओर से इन टेस्ट के लिए सहमति या असहमति के लिए राय दिया जाना संभव नहीं है। पत्र में कहा गया है कि विवेचक ने अपने प्रार्थनापत्र में लिखा है कि आरोपित वीआइपी गेस्ट व आरोपित पुलकित आर्या के मोबाइल के संबंध में जानकारी छिपा रहे हैं। विवेचक ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि किसी आरोपित या सभी आरोपितों की ओर से क्या जानकारी छिपाई जा रही है, जिसके लिए टेस्ट करवाए जाने आवश्यक हैं। स्पष्ट जानकारी के अभाव में टेस्ट के लिए सहमति या असहमति के लिए राय दिया जाना संभव नहीं है।

## बाढ़ के कारण कपकोट में चयनित स्थान पर नहीं बन पा रहा सैनिक गेस्ट हाउस

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक में पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्या प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण




कपकोट में चयनित स्थान पर सैनिक गेस्ट हाउस नहीं बन पा रहा है। एसडीएम कार्याय के बगल वाली जमीन आवंटित करने की मांग की। साथ ही पूर्व में चयनित स्थान को निरस्त करने की भी मांग की। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि वे पूर्व सैनिकों के गैस्ट हाउस हेतु पुरानी चिह्नत भूमि को निरस्त करें। साथ ही उप जिलाधिकारी कार्यालय के बगल की भूमि का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पूर्व सैनिकों द्वारा सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय हेतु मंडलसेरा-आरे रोड पर इसीएचएस हेतु चिह्नत भूमि के बगल पर सैनिक कल्याण कार्यालय हेतु भूमि आवंटित करने का अनुरोध भी किया, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी बागेश्वर को भूमि का निरीक्षण कर प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। सुबेदार खड़क सिंह ने जनपद में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के अनुरोध के साथ ही एयर एम्बुलेंस संचालित करने का भी अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर करने का कार्य किया जा रहा है, एयर एंबुलेंस हेतु शासन को पत्र भेजा जाएगा।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल,एसडीएम हरगिरि, मोनिका सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी आर सी तिवारी आदि मौजूद रहे।

## मोबाईल एग्री क्लीनिक वैन का किसानों को मिल रहा लाभ

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्य कृषि अधिकारी डी0 कुमार ने बताया कि जिला योजना एवं नैमेट/आतमा योजना अन्तर्गत अभिनव पहल करते हुए 4 अक्टूबर, 2018 से मोबाईल एग्री क्लीनिक वैन प्रारम्भ की गयी है। उन्होंने बताया कि मोबाइल एग्री क्लीनिक सुसज्जित सचल कृषि वाहन है जिसके माध्यम से कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम एवं रेखीय विभाग के कृषि निवेश यथा बीज, फल-पौध, कृषि रक्षा रसायन, छोटे कृषि यंत्र, उद्यानिकी यंत्र, पशु सम्बन्धी दवाईयों एवं पशु आहार, विभागीय योजनाओं की प्रचार-प्रसार सामग्री एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्राम-ग्राम तक पहुँचाई जा रही है। उन्होंने बताया इस मोबाईल वैन के माध्यम से अब तक 13 लाख रुपए से अधिक मूल्य की कृषि सामग्री विक्रय की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से वर्तमान तक जनपद के समस्त विकासखण्डों को आच्छादित करते हुए लगभग 1280 ग्राम/स्थानों एवं लगभग 42160 कृषकों को लाभान्वित किया जा चुका है। कर्मचारियों द्वारा विभागीय निवेश एवं प्रचार-प्रसार का वितरण किया जा रहा है तथा कृषकों के सुझाव एवं सलाह प्राप्त की जा रही है। इसके माध्यम से सरकार किसान के द्वार संकल्पना को पूर्ण करने में सफलता प्राप्त हुई है। कृषकों को विभागीय सुविधाओं हेतु कृषि निवेश केन्द्र, पशु स्वास्थ्य केन्द्र, उद्यान सचल केन्द्र आदि पर निर्भरता काफी कम हो गई है। जिससे उनका समय, धन एवं श्रम की बचत हुई है। उन्होंने बताया कि मोबाईल वैन के माध्यम से क्षेत्रीय कर्मचारियों के समय की बचत एवं दूरस्थ से दूरस्थ क्षेत्रों को शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाना सम्भव हो पाया है।



# लापरवाही बरतने वाले ग्राम विकास अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने मनरेगा, एनआरएलएम, लखपति दीदी, पीएम आवास योजनान्तर्गत चल रहे कार्यों की विकास भवन सभागार में विस्तार से समीक्षा की। सीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष स्वीकृत आवास, अनुपलब्ध तथा भूमिहीन व्यक्तियों के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए निर्देश दियें कि आवासहीन परिवारों को शीघ्रता से आवास उपलब्ध हो, इसलिए सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। सीडीओ नें सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम विकास अधिकारियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जाये। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जो भी ब्लॉक मिशन मैनेजर कार्य में लापरवाही करेगा, उसे तत्काल हटाया जाये। सीडीओ ने निर्देशित करते हुए कहा कि एनआरएलएम के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों को बैंकों के



माध्यम से वित्त पोषण कराना सुनिश्चि करें। सीडीओ ने निर्देशित करते हुए कहा कि समूहों को लाभांवित करने के लिए व्यक्तिगत रूचि लेते हुए स्पेशल कैम्प आयोजित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लखपति दीदी योजना को परवान चढ़ाने हेतु सर्वे कार्य में तेजी लाकर सर्वे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं की बेसिक आय दिखायी देनी होनी चाहिए। सीडीओ ने आय के आधार पर महिलाओं को विभिन्न श्रेणियों में चिन्हित करने के निर्देश दिये। सीडीओ ने आजीविका संसाधनों में वृद्धि हेतु सभी विभागों के अधिकारियों को बेहतर तालमेल व योजनाओं के कन्वर्जेन्स के माध्यम से कार्य करने के निर्देश दिये। सीडीओ ने सभी विभागों के अधिकारियों को आजीविका से सम्बन्धित चल रही योजनाओं व योजनाओं के क्रियान्वय में कठिनाई आदि के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। सीडीओ ने जनपद में फ्लोरीकल्चर में लगे किसानों से वार्ता करने तथा दस पुष्प उत्पादन में अच्छा कार्य कर रहे दस प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कराने, जनपद में पुष्प आधारित उद्योगों को चिन्हित करने के निर्देश मुख्य उद्यान अधिकारी को दिये।बैठक में प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी आदि उपस्थित थे।


**शीघ्र आवश्यकता है**

**SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को**

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**–(1),**योग्यता**–स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**–(1)**योग्यता**–B.C.A. /**बी.कॉम**, अनुभव–दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**– (25), **योग्यता**–हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन–20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**– (1) योग्यता–स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) –पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

**पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर**

Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127

www.sampurnajeevan.com



**Shri Shyam Properties**

Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property

CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657



**वाटर प्रूफिंग**

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

**प्रो. शादाब खान**

9012051994, 6399038125

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर



**अरोरा डेन्टल केयर**

Dental Facilities / सुविधायें

डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध

- दांतों की नसों का इलाज / RCT
- फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
- नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
- टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
- दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
- सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling

डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085

डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642

(15 साल का अनुभव)

1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur


# गैंगस्टर के 6 आरोपियों को चार वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शादाब बानों ने गैंगस्टर एक्ट के 6 आरोपियों को चार वर्ष के कठोर कारावास और 5-5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।न्यायालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13अगस्त 2008 को ग्राम सैंजना थाना किचछा निवासी रसीद उर्फ मुन्ने पुत्र हब्बू,गुलाम साबिर पुत्र गुलाम नबी,मौ०आसिफ पुत्र मौ०सददीक तथा मुकेश पुत्र फूल सिंह,ग्राम हजरतपुर थाना बिलासपुर निवासी मकघ्सूद पुत्र नन्नू और ग्राम दौलतपुर थाना बहेड़ी निवासी अकील अहमद पुत्र मौ०इसमाइल के विरूद्ध कोतवाल सन्तोष कुमार जायसवाल ने धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ये लोग अकेले व गिरोह बनाकर रूद्रपुर,किचछा,बिलासपुर आदि क्षेत्रों में चोरी,लूट,डकैती,हिंसा,मादक पदार्थों की तस्करी आदि समाज विरोधी क्रियाकलापों को अंजाम देते हैं ।इन सभी के विरूद्ध द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शादाब बानों की कोर्ट्में मुकघ्दमा चला जिसमें अभियोजन पक्ष द्वारा 6 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय ने सबको दोषी करार देते हुए 4 वर्ष के कठोर कारावास और 5-5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।

# अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की जागरूकता कार्यशाला संपन्न

हरिद्वार (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन के तत्वाधान में एस.एम.जे.एन. कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है जिसे उत्तराखण्ड की प्रदेश व जनपद हरिद्वार हरिद्वार की जिला इकाई संयुक्त रूप से पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इस अवसर पर छात्रों को अपने उपभोक्ता अधिकारों की विस्तृत रूप से जानकारी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा द्वारा दी गयी। प्रदेश सचिव इंजी. अर्क शर्मा तथा जिलाध्यक्ष चौधरी संजीव (बालियान) ने उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।प्रदेश कोषाध्यक्ष रचित कुमार, जिला उपाध्यक्ष तरूण शर्मा, पं. दिव्यांश शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता, ने कहा कि आज जिस प्रकार उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है तथा खाद्य उपमिश्रण में



मिलावट की जा रही है इसकी विस्तृत जानकारी व प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। संगठन मंत्री मनीष गुप्ता, युवा कार्यकर्ता बादल अरोड़ा ने बताया कि प्रदेश में आम उपभोक्ताओं को उनका अधिकार मिले तथा उपभोक्ता अपने अधिकारों प्रति सचेत रहकर भ्रामक विज्ञापनों से दूर रहें।कॉलेज की छात्र-छात्रा अमूल्या सक्सेना, अर्शिका, आरती असवाल, गौरव बसंल, विशाल बंसल व शिक्षक दिव्यांश शर्मा ने कहा कि कोई भी वस्तु खरीदने से पहले उसका बिल अवश्य लें, तथा ठगी का शिकार होने पर उपभोक्ता न्यायालय की शरण लें। जिला प्रवक्ता एड. चेतन वर्मा, जिला सचिव सी.ए. मृणाली शर्मा तथा आकाश भारद्वाज, आर.एस. रतूडी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में उपभोक्ताओं का उत्पीड़न रोकने के लिए संगठन का गठन किया गया है। इसकी जानकारी देने के लिए संगठन की ओर से जन अभियान चलाकर उपभोक्ताओं को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसएसआई रीना शर्मा, जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हरिद्वार के ए.आर.ओ. पूनम सैनी, वरिष्ठ व्यापारी राकेश मल्होत्रा आदि गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# दोस्त के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जरा सी बात पर नाराज होकर दोस्त ने हत्या कर पत्थर से सिर व चेहरे को बुरी तरह से कुचल दिया था,गुरूवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रेम सिंह खिमाल ने हत्यारे दोस्त को आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी। एडीजीसी लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि ग्राम रतनपुरी जिला मुजफ्फरनगर निवासी सोनू सोम पुत्र वीर सिंह ने ट्रांजिट कैम्प थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई रोहित कुमार सिडकुल सिथत ललित इन्टर प्राइजेज इण्डोरेनस कम्पनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था और अपने मित्र सत्येन्द्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी लम्बाखेडा थाना टॉडॉ बादली जिला रामपुर के साथ ट्रॉजिट कैम्प में रहते थे । 27 दिसम्बर 2018 की शाम दोनों दोस्त ज्येष्ठा कालोनी में अपने दोस्त महेश के पुत्र की जन्मदिन की पार्टी में गये थे जहां से लौटते समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया जिस पर सत्येन्द्र ने रोहित की निर्मम हतया कर पत्थर से उसका सिर व चेहरा बुरी तरह से कुचल दिया ।अगले ही दिन पुलिस ने सत्येन्द्र को गिरफ्तार कर लिया विशेष बात यह रही कि उस समय उसने वही कपड़े पहने हुए थे जो हत्या करते समय पहने थे ।फोरेंसिक जाँच मे उसके कपडो पर लगा खून मृतक के खून से मैच हो गया साथ ही उसका डीएनए भी मैच हो गया। आरोपी के विरूद्ध जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रेम सिंह खिमाल के न्यायालय में मुकदमा चला जिसमें जिला शासकीय अधिवक्ता नन्दन सिंह धामी द्वारा 12 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद आज गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रेम सिंह खिमाल द्वारा सत्येन्द्र सिंह को हत्या कारित करने का आरोपी करार देते हुए आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।

# दो मोटर साईकिलें चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से दो मोटर साईकिलें चोरी कर लीं। घटना की रपट दर्ज करा दी गई हैं। हरपिन्दर सिंह पुत्र दिलबाग सिंह हाल निवासी आन्नद विहार ट्रांजिट कैम्प, मूल निवासी जगन्नाथपुर थाना मिलक रामपुर ने कहा है कि 20 दिसम्बर की रात्रि 9 बजे वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 22 ए एक्स 1332 पर सवार होकर अपने निवास स्थान आ रहा था। मार्ग में वह बाईक खड़ी कर पेशाब करने के लिए गया। मोटर साईकिल की चाबी उसी में ही थी। तभी तीन अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटर साईकिल चोरी करके ले गये। वहीं एक अन्य घटना में धर्मवीर पुत्र दन्ने लाल निवासी वार्ड 2. कृष्णा कालोनी की मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एएन1960 को 28 नवम्बर को सार्य झील में लगने वाले सोमवार की बाजार से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। वाहन चोरी की दोनों घटनाओं की रपट दर्ज करा दी गई है।

# छात्र नशे से दूर रहकर शिक्षा पर दें ध्यान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किच्छा में एक विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्यिक न्यायालय के लाभ और इसकी भूमिका के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। जिसमें पैनल अधिवक्ता निशा राजभर ने छात्रो को जानकारी दी। इस अवसर पर पैरा लीगल वोलेंटियर मेहनाज मलिक ने छात्रो को नशे



से दूर रहने और शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। साथ ही पॉक्सो के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। नगर पालिका के अध्यक्ष दर्शन कोली ने छात्रों को स्वच्छता से सम्बंन्धत जानकारी दी। पीएलवी गुलनाज मलिक, तारारानी ने विधिक सम्बन्धित जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एमके सारस्वत , समस्त शिक्षक और किच्छा से पीएलवी मेहनाज मलिक, गुलनाज मलिक, धर्मेंद्र, तारा रानी, शिखा त्रिपाठी, हेमलता कटारिया, बाँके लाल, रियासत अली मौजूद रहे।

# जैन ग्लोबल स्कूल में अभिभावको के साथ कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जैन ग्लोबल स्कूल में अभिभावकों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अभिभावकों की भूमिका बच्चों के पालन और एजुकेशन के लिए कितनी महत्वपूर्ण है इस पर चर्चा की गयी। इसका संचालन हर्षिता ढल, नेस्ट एजुकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया। कार्यशाला में विद्यालय की उप प्रधानाचार्या द्वारा विद्यालय में गत दिनों आयोजित कार्यशाला और



कार्यक्रमों की रुपरेखा प्रस्तुत की। उप प्रधानाचार्य तेजल शिवपुरी ने अभिभावकों को आने वाले सत्र 2023-24की रुपरेखा के विषय में बताया। जिसमें इंग्लिश लैब, साइंस लैब, मैथमेटिक्स लैब, म्यूजिक लैब और डान्स और हॉबी क्लासेज शुरू होने की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन पुष्कर राज जैन ने अभिभावकों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनके शंका का समाधान किया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सुश्री तेजल शिवपुरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# टंकी निर्माण को लेकर बैठक आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।विश्व पोषित बैंक द्वारा टंकी निर्माण के संदर्भ में वार्ड 59 में एक बैठक आयोजित की जिसमें जेई महेश कुमार द्वारा टंकी निर्माण के संबंध में वहां के नागरिकों से राय ली गई। इस मौके पर वार्ड 59 के पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने कहा कि पेयजल समस्या विकराल रूप ले चुकी है। टंकी का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण होना चाहिए जिससे पानी की किल्लत से जनता को निजात मिल सके। रईस अहमद ने कहा कि मार्च तक पाइप लाइनों का कनेक्शन समेत कार्य



हो जाना चाहिए इस मौके पर जेई महेश कुमार ने आश्वासन दिया कि बहुत तेजी से यह कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड 60 के पार्षद मनोज मठपाल ने भी पेयजल समस्या को प्रमुखता से उठाया और जल्दी ही इस समस्या के समाधान की मांग की। बैठक में खालिद हुसैन, स्वाति गुप्ता, मनोज सागर, हाजी बबलू , ताहिर हाफिज, मसरूर मामू , शादाब हुसैन सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# शीत लहर से बचाव के लिए दुरूस्त करें व्यवस्थाएं

## सचिव आपदा प्रबन्धन डा.रंजीत कुमार सिन्हा ने सभी जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रशासन द्वारा शीतलहर से आम जनमानस के बचाव के लिए हर संभव व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। प्रत्येक जनपद को शीतलहर से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं जुटाने हेतु 10 लाख रूपये का अतिरिक्त बजट दिया जा रहा है। शीतलहर से जरूरतमंदो के बचाव एवं सहायता हेतु धन की कमी से व्यवस्थाएं बाधित न होने के स्पष्ट निर्देश सचिव आपदा प्रबन्धन डा0 रंजीत कुमार सिन्हा ने गुरूवार को सचिवालय में राज्य के सभी जिलाधिकारियों को दिए हैं। सचिव आपदा प्रबन्धन ने राज्य के समस्त जिलाधिकारियों तथा एस0डी0आर0एफ0, वन विभाग, खाद्य आपूर्ति, चिकित्सा, मौसम विभाग, जल संस्थान, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग तथा यूपीसीएल के अधिकारियों के साथ प्रदेश में शीतलहर से आमजन एवं पशुओं के बचाव हेतु तैयारियों की समीक्षा की। सचिव आपदा प्रबन्धन ने जिलाधिकारियों को सभी तहसीलों में अस्थायी रैनबसेरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, रैन बसेरों में समस्त मूलभूत सुविधाएं बिजली, पेयजल, शौचालय, बिस्तर तथा हीटर की व्यवस्था करने, जिलों में पर्याप्त मात्रा में अलाव जलाने की व्यवस्था, कंबल वितरण, दुर्गम व दूरस्थ क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में राशन आपूर्ति, दवाईयों, पशुओं के चारे, चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सचिव आपदा प्रबन्धन ने वन निगम को अलाव जलाने हेतु पर्याप्त मात्रा में लकड़ी की आपूर्ति के भी निर्देश दिए।



उन्होंने पीडब्ल्यूडी को बर्फबारी के कारण बन्द होने वाली सड़कों पर पहले से ही आवश्यक उपकरण तथा कार्मिक तैनात करने को कहा। इसके लिए जेसीबी तथा स्नो कटिंग मशीनों व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही लोक निर्माण तथा परिवहन विभाग को सख्त निर्देश दिए गए है कि राज्य में पाले तथा कोहरे के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना नही होनी चाहिए। इसके लिए पाले को हटाने के लिए नमक एवं चूने का नियमित छिड़काव तथा कोहरे से बचाव हेतु फॉग लाइट व रिफलेक्टर की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग को स्नो ब्लोवर की आपूर्ति का प्रस्ताव बनाकर जल्द से जल्द शासन को भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं। सचिव आपदा प्रबन्धन ने सभी जिलाधिकारियों एव उपजिलाधिकारियों को जनपदों में शीतलहर से बचाव की व्यवस्थाओं के निरीक्षण हेतु नियमित रात्रि गशत के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राज्य में भारी बर्फबारी वाली ट्रैक रूट बन्द करवाने के भी निर्देश दिए। सचिव आपदा प्रबन्धन ने यूपीसीएल को शीतलहर एवं बर्फबारी के दौरान दूरस्थ क्षेत्रों में बिजली की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त मात्रा में स्पेयर पार्टस, डिसेन्ट्रलाइज इन्वेन्टरी तथा कुशल कार्मिक की तैनाती के निर्देश दिए। वीसी में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने बताया कि जनपद में अलाव जलाने हेतु 164 स्थान चिन्हित हैं आवश्यक तानुसार 28 स्थानों पर अलाव जलाये जा रहे हैं, आवश्यकतानुसार सभी चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाये जायेंगे, जिसके लिए सभी नगर निकायों में अधिशासी अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में 16 रेन बसेरे हैं, जिनमें 182 बैड की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक तहसील स्तर पर 200 बिलंकेट व गद्दों की व्यवस्था करने के साथ ही तहसीलों को 50000 से लेकर 60000 रूपये तक की अतिरिक्त धनराशि बिलंकेट हेतु आवंटित की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले दो दिन से जनपद में कोहरा आने के साथ ही सर्दी में भी इजाहा हुआ है। उन्होंने बताया कि सर्दी बढ़ने पर आवश्यकतानुसार स्कूलों की टाइमिंग में भी परिवर्तन किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया है कि कोहरे को देखते हुए वाहनों में रिफलेक्टर लगवाने हेतु इन्फोर्समेंन्ट कार्य में तेजी लाई जाये ताकि कोहरे के कारण कोई भी वाहन दुर्घटना न हो सके। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में पशु चिकित्सा हेतु 4 मोबाइल वैन जोकि रूद्रपुर, काशीपुर, बाजपुर तथा सितारगंज में तैनात है। उन्होंने बताया कि पशु एम्बुलेंस सहायता हेतु 1962 नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है। वीसी के पश्चात जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने निराश्रित पशुओं के लिए गौशाला निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने पशु शरणालय हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने स्वायल टैस्टिंग मोबाइल वैन संचालन हेतु प्रस्ताव तैयार करने, फसलों को ड्राई करने, ग्रेडिंग पैकिंग आदि की व्यवस्था हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश मुख्य कृषि अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने अटरिया रोड फोरलेन बनाने हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश अधिशासी अभियंता लोनिवि को दिये। जिलाधिकारी ने तहसील किच्छा में गोला नदी पर काली मन्दिर से लगभग 50 मीटर आगे संकरे पुल के चौड़ीकरण हेतु कार्य योजना बनवाने के निर्देश भी लोनिवि के अभियंता को दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, कौस्तुभ मिश्रा, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी ऊमा शंकर नेगी, अधिशासी अभियंता लोनिवि ए.कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ.एके वर्मा, एआरटीओ पूजा नयाल आदि उपस्थित थे।

## कार्निवल–द होराइजन का आयोजन 25 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हैल्पिंग हैन्ड संस्था द्वारा किड्स कार्निवल का आयोजन क्रिसमस दिवस पर आगामी 25 दिसंबर को काशीपुर मार्ग स्थित एंबियंस लांस में किया जा रहा है। संस्था की अध्यक्षा ने बताया कि पिछले दो सालों से कोरोना के कारण यह इवेंट नहीं हो पा रहा था। उन्होंने बताया इस बार इवेंट का यह चौथा संस्करण हर बार से भी भव्य और अद्भ्भुत होगा।इस बार का कार्यक्रम विंटर वंडरलैंड की थीम पर आधारित होगा। जिसमें स्पाइडर मैन, ब्लैक पैन्थर व कैप्टन अमेरिका जैसे सुपर हीरोस स्टेट करते हुए नजर आएँगे। उन्होंने बताया बच्चे पोलर बीयर व सांता क्लॉज से भी भेंट कर पाएँगे। संस्था की सचिव ने बताया रुद्रपुर में पहली बार शहरवासियों को दिल्ली से आयी हुई टीम द्वारा लाइफसाइज गेम का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। इसके अलावा मेले में विभिन्न तरीके की शॉपिंग, एक्टिविटी एवं शहर के मशहूर रेस्टोरेंट के व्यंजन का लुत्फ भी उठा सकेंगे।

## छात्र संघ के निर्विरोध सचिव निर्वाचित होने पर रोहित भट्ट का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह महाविद्यालय छात्र संघ चुनाव में निर्विरोध सचिव पद पर निर्वाचित हुए रोहित भट्ट अखिल भारतीय विद्यार्थी



परिषद के समर्थकों साथ विधायक शिव अरोरा के कार्यलय पहुँचे जहां विधायक ने निर्विरोध हुए सचिव रोहित भट्ट का फूलमालाओं व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा अध्यक्ष और सचिव पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चुनाव लड़ रहा था जिसमें सचिव पद पर निर्विरोध हुए रोहित भट्ट को शुभकामनाएं दी और कहा विद्यार्थी परिषद हमारा मातृ संगठन है जो सदैव छात्र हित मे पूरे देश मे कार्य करता है और सचिव पद पर रोहित भट्ट भी विद्यार्थी परिषद की विचारधारा को आगे ले जाते हुए छात्र हित मे कार्य करेगे ऐसा पूर्ण विश्वास है। विधायक ने कहा अध्यक्ष पद पर भी विद्यार्थी परिषद के गौतम पपनेजा की जीत होगी ऐसा पूर्ण विश्वास है । वही विधायक कार्यालय पर उपाध्यक्ष पद पर दीपक सिंह को विधायक शिव अरोरा की मौजूदगी में विद्यार्थी परिषद द्वारा बैनर देकर अपना प्रत्याशी घोषित किया । इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, रचित सिंह, नवीन पाण्डेय, गौतम पपनेजा, जितेंद्र संधू, रोहित भट्ट, मोहित कक्कड़,मयंक कक्कड़, राज कोली, विकास सागर, शंकर विश्वास, आदेश भरद्वाज, सुनील सागर, सौरव राठौर, कन्नू गुम्बर, अमृत पाल व अन्य लोग मौजूद रहे।

## जनपद को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिये टीम बनाकर काम करने के दिये निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी युगल किशोर पंत की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिये पुलिस, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की टीम बनाकर निरंतर चैकिंग अभियान चलाया जायें। जनपद के सभी शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त करने हेतु शैक्षणिक संस्थानों में समय –समय पर चौकिंग किया जाये, यदि शिक्षक भी तम्बाकू का सेवन करते हुये पाये जाते है तो सम्बन्धित के खिलाफ चालान की कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि यदि कोई भी दुकानदार शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू बेचते हुये पाया जाता है तो दुकानदार का भी चालान किया जाये। उन्होने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों व ग्राम पंचायतों में तम्बाकू से होने वाले दुस्प्रभाव के बारे में बताया जाये व



लोगों को जागरूक किया जाये। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायतों को तम्बाकू मुक्त करने हेतु रूप देखा बनाया जायें एवं जो ग्राम पंचायते सबसे पहले तम्बाकू मुक्त होगीं उन्हे सम्मानित किया जाये। उन्होने कहा कि जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों को तम्बाकू मुक्त किया जाये, इसके लिये कार्यालयध्यक्षों की जबावदेही तय किया जाये। इस अवसर पर सीएमओ डॉ0 सुनिता चुफाल रतुड़ी, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, सीओ तपेश कुमार चन्द्र, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, एएलसी प्रशांत कुमार, पीसी त्रिवेदी, अपर्णा साह,, उमेश पाल, संजय पांडे आदि उपस्थित थे।

# क्रिसमस और नववर्ष पर नैनीताल का ट्रैफिक प्लान तैयार

## पुलिस और प्रशासन की बैठक में पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर किया मंथन
## होटल, रिजॉर्ट, होमस्टे प्रबंधन, टैक्सी संचालक, नाव, घोड़ा संचालक, टैक्सी बाइक संचालक अपने प्रतिष्ठानों में निर्धारित किराया सूची को चस्पा कराएंगे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी क्रिसमस एवम नववर्ष के मद्देनजर पर्यटकों की सुविधा हेतु नैनीताल के पर्यटन व्यवसाईयों से वार्ता कर ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया। ताकि नैनीताल जनपद में वाहनों का लंबा जाम न लगे। आगामी क्रिसमस पर्व एवं नववर्ष की पूर्व संध्या 31दिसंबर पर सरोवर नैनीताल में पर्यटकों का बहुतायत संख्या में आगमन रहता है। इस दौरान नैनीताल आने वाले सभी पर्यटक वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलो में पार्क करने के लिए उन्हें किसी प्रकार की परेशानियो का सामना ना करना पड़े। जिसके लिए डॉ. जगदीश चंद्र ,एसपी क्राइम/ट्रैफिक की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन नैनीताल स्थित सभागार में राहुल शाह उप जिलाधिकारी नैनीताल, विभा दीक्षित, क्षेत्राधिकारी नगर नैनीताल, आरटीओ नैनीताल, प्रीतम सिंह थानाध्यक्ष मल्लीताल, रोहताश सिंह सागर एसओ तल्लीताल एवं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर उनके सुझाव लिए गए। उसी आधार पर आगामी पर्यटन सीजन हेतु ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया। जिसके तहत प्रत्येक दिवस की भांति नैनीताल आने वाले सभी पर्यटकों को बिना किसी प्रतिबंध के नैनीताल आने–जाने दिया जाएगा परंतु जब नैनीताल शहर की समस्त स्थाई पार्किंग पार्किंग वाहन क्षमता 100, बीडी पांडे पार्किंग वाहन क्षमता 40, फुल होने की स्थिति में आगंतुक पर्यटक वाहनों को कालाढूंगी रोड स्थित रूसी बाईपास–1 पार्क करवाकर उन्हें उच्च कोटि के शटल सेवा वाहनों के माध्यम से नैनीताल लाया एवं छोड़ा जाएगा। नैनीताल शहर के जिन होटल, रिजॉर्ट, होम स्टे, सराय एवं



डीएसए मैदान पार्किंग वाहन क्षमता 350, मेट्रोपोल पार्किंग वाहन क्षमता 350, कुमाऊं मंडल विकास निगम पार्किंग वाहन क्षमता 150, सूखाताल पार्किंग वाहन क्षमता 150, अशोका की अस्थाई नारायण नगर पार्किंग (जिसकी वाहन क्षमता लगभग 850 है) तथा हल्द्वानी रोड स्थित रूसी बाईपास–2 की अस्थाई पार्किंग (जिसकी वाहन क्षमता लगभग 1500 वाहनों की है) में धर्मशालाओ में पार्किंग की सुविधा है उक्त समस्त होटल, रिजॉर्ट, होमस्टे स्वामी, प्रबंधक अपने यहां मौजूद वाहन पार्किंग क्षमता की सूची संबंधित थाना कोतवाली मल्लीताल एवं थाना तल्लीताल में देंगे। जिससे उक्त होटल, रिजॉर्ट, होम स्टे में मौजूद पार्किंग क्षमता की डिस्प्ले लिस्ट पर्यटकों की सुविधा हेतु नैनीताल आने वाले सभी मोटर मार्गो में चस्पा की जायगी। आगामी क्रिसमस एवं नववर्ष की पूर्व संध्या पर जिन होटल, रिजॉर्ट प्रबंधन द्वारा अपने यहां डीजे म्यूजिक सिस्टम का कार्यक्रम रखा जाना है वह संबंधित होटल रिजॉर्ट प्रबंधन अपने नजदीकी थाना चौकी के माध्यम से अथवा सीधे तौर पर सक्षम उप जिलाधिकारी से पूर्व अनुमति ली जाएगी। सभी होटल, रिजॉर्ट, होमस्टे प्रबंधन, टैक्सी संचालक, नाव, घोड़ा संचालक, टैक्सी बाइक संचालक अपने प्रतिष्ठानों में निर्धारित किराया सूची को चस्पा कराएंगे। जिससे पर्यटकों से निर्धारित किराया सूची से अतिरिक्त किराया नही वसूला जा सकेगा। नैनीताल शहर की कायाकल्प बेहतर बनाए रखने हेतु माल रोड एवं स्थानीय बाजारों में अवैध रूप से फड़, ठेली लगाकर अतिक्रमण करने वाले एवम घुमंतू भिखारियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु नैनीताल पुलिस–प्रशासन द्वारा नगर पालिका नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ सामूहिक रूप से अभियान चलाया जायेगा। आगंतुक पर्यटकों टैक्सी संचालकों से भी अपील की गई कि सरोवर नगरी में सुगम यातायात बनाए रखने हेतु नैनीताल भ्रमण के दौरान पर्यटक टैक्सी संचालक नो पार्किंग जोन में अपने वाहनों को खड़ा ना करें अन्यथा उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जा सकेगी।पर्यटक टैक्सी बाइको का प्रयोग करते समय हेलमेट का प्रयोग कर यातायात नियमों का पालन करेंगे। माल रोड में पर्यटकों की चहल कदमी हेतु प्रत्येक दिवस सायंकालीन 6 से 8 बजे के मध्य अपर माल रोड में सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में पुलिस आपातकालीन नंबर हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल करें।

# पुरानी परिपाटी को छोड़ नए तरीकों से काम कर रहा महिला आयोग:रेखा

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने विभिन्न राज्यों की महिला आयोग की अध्यक्षों के साथ की बैठक

देहरादून(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से तृतीय संवादात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न राज्यों से महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, आयोग के सदस्य तथा सदस्य सचिव उपस्थित रहे। इस बैठक में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा गई।आयोग द्वारा उक्त बैठक में महिलाओं के कौशल विकास को बढ़ाने को लेकर, ट्रांसजेंडर की स्थिति को समझने व उनके लिए बेहतर व्यवस्था को लेकर, वेश्यावृत्ति से उबरकर आई पीड़िताओं की दुर्दशा को समझकर उनके लिए स्वाधार गृह और पीड़िता के लिए हम क्या कर सकते हैं, मातृत्व लाभ तथा कैरियर के साथ मातृत्व, जेलो में कैद महिला कैदियों की स्थिति और उनके लिए निशुल्क गुणवत्तापूर्ण कानूनी सहायता हो जैसे महिलाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में एनसीडब्ल्यू द्वारा चलाई जा रही महिलाओं से संबंधित पोषण अभियान को लेकर बैठक में चर्चा हुई। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग देश के सभी राज्यों को पोषण अभियान के तहत आर्थिक रूप से सपोर्ट करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं को सशक्त बनाए जाने के लिए कई तरह के अभियान चला रही है। इसमें मुख्य रूप से पोषण अभियान के तहत सभी राज्यों में अभियान चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एनसीडब्ल्यू द्वारा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के तहत सभी राज्यों में ट्रेनिंग दी जा रही है। जिससे मानव तस्करी को रोका जा सके। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि जितने भी सीडीपीओ है उनको भी ट्रेनिंग की आवश्यकता है कि डेवलपमेंट, महिलाओं के फाइनेंशियल इंप्रूवमेंट, पॉलिटिकल इंप्रूवमेंट को कर काम कर रहा है।साथ ही उन्होंने कहा कि इन बिंदुओं पर राष्ट्रीय महिला आयोग और क्या बेहतर कर सकती है? इसको आयोग उनकी मोनिटरिंग करते हुए धरातल पर लागू करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही स्वधारगृह खोलने पर काम करेंगे और वैश्यावृत्ति से उबर कर आयी तथा अनेक प्रकार से




वह किस प्रकार से महिलाओं के ऊपर हो रही घरेलू हिंसा से निपटने में कार्य कर सकते हैं। इसके लिए भी महिला आयोग रूपरेखा तैयार कर रहा है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि अभी तक महिला आयोग महिलाओं से संबंधित शिकायतों पर ही कार्य कर रही थी। लेकिन पिछले कुछ सालों से महिला आयोग ने अपनी पुरानी परिपाटी को बदल दिया है। लिहाजा, अब महिला आयोग महिलाओं से संबंधित सभी क्षेत्रों- जिसमें मुख्य रूप से महिला हेल्थ, महिला एजुकेशन, महिलाओं की स्किल लेकर ही बैठक की जा रही हैं। इसमें सभी राज्यों से सुझाव भी मांगे गयें हैं ताकि महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं को आर्थिक और राजनैतिक रूप में और मजबूत किया जा सके। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा तृतीय संवादात्मक बैठक का आयोजन हमारे प्रदेश में किया गया। उन्होंने कहा कि उक्त बैठक में महिलाओं के हित में जिन बिंदुओं पर भी जो भी सुझाव एवं निर्णय सामने आएंगे उन्हें सभी राज्यों के महिला पीड़ित महिलाओं को रखने के लिए उचित उन्हें समाज मे पुनः स्थापित करने के लिए प्रयास कर रहे है। उक्त बैठक में मिजोरम, अरुणाचल, कर्नाटक, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, आन्ध्रप्रदेश, केरल, उड़ीसा, दिल्ली आदि प्रदेशों से प्रतिनिधि प्रतिभाग करने पहुँचे जिनमे नींम राज्यों की महिला आयोग की अध्यक्ष हरियाणा से रेनू भाटिया , उड़ीसा से मिनाती बेहरा, कर्नाटक से परमिला, उत्तराखण्ड से कुसुम कण्डवाल, सदस्य सचिव कामिनी गुप्ता, अधिवक्ता दयाराम सिंह, नेहा सिंह, सृष्टि भी बैठक में उपस्थित रही।

# बच्चों की प्रतिभा को निखारें: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वीरवार को राजभवन ऑडिटोरियम में उत्तराखण्ड बाल कल्याण परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रम ''मिलकर रहना सीखो'' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। राज्यपाल ने कहा कि बाल कल्याण परिषद द्वारा यह सराहनीय पहल की गई है कि जिसमें जनपदों के दूरदराज के बच्चों को एक दूसरे के साथ रहकर कई चीजें सीखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि बच्चे इस शिविर से कुछ अच्छा अवश्य सीखकर जाएंगे। राज्यपाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने अंदर छुपी प्रतिभाओं को अवश्य निखारें। प्रत्येक बच्चे में एक अलग तरह की प्रतिभा है उसे पहचानना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चे असीमित सपने देखें और अनुशासन व कड़ी



मेहनत के बल पर उसे प्राप्त करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को चाहिए कि वे हमेशा नई चीजों को सीखते रहें और इसमें किसी प्रकार का संकोच न करें। राज्यपाल ने कहा कि दूसरों की भलाई के लिए और जरूरतमंदों व बुजुर्गों की हमेशा सहायता करें। उन्होंने कहा कि बच्चे आत्मानुशासन का हमेशा ध्यान रखें। इस कार्यक्रम के दौरान महासचिव पुष्पा मानस ने बताया कि बाल भवन में पांच दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के 11 जनपदों के 66 बच्चों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य विभिन्न परिवेश से आये बच्चों का आपस में एक दूसरे के साथ रहना सिखाना है। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय शिविर में बच्चों को नए खेल, नई गतिविधियों के अलावा कई स्थानों का भ्रमण भी कराया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कई लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बाल कल्याण परिषद् के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. आई.एस. पाल, उपाध्यक्ष श्रीमती मधु बेरी सहित अन्य पदाधिकारीगण, विभिन्न स्कूलों के बच्चे और उनके अध्यापक उपस्थित रहे।

# जिले में बफबारी और ठंड से बचाव के लिये 49 जगह अलाव के लिए चयनित

बागेश्वर(उद संवाददाता)। आपदा सचिव रंजीत सिन्हा ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी निकायों में अलाव जलाने तथा जरूरतमंदों को




वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा शीतलहर में कोई भी व्यक्ति बाहर न रहे, जरूरतमंदों को रैनबसेरों में रखने के निर्देश जिलाधिकारियों को दिये, साथ ही रैनबसेरों में पर्याप्त बिस्तर, हीटर आदि की व्यवस्था करने को कहा। वीसी में जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि जनपद में 49 जगह अलाव जलाने हेतु चयनित किए हैं तथा 28 स्थानों पर अलाव जलाना शुरू कर दिया है। तहसील स्तर पर 150 कंबल रखें हैं, 31 जरूरतमंदों को कंबल बांट दिए हैं। उन्होंने बताया कि बर्फबारी वाले क्षेत्रों की सड़कों को खोलने हेतु 12 जेसीबी तैनात किए हैं। मार्च तक का खाद्यान्न व दवाई पहुंचा दी है। जिलाधिकारी ने बताया कि ठंड व बर्फवारी की संभावना को देखते हुए सभी ट्रेक रूटों पर ट्रेकिंग बंद कर दी गई है। नगर निकायों में तीन अस्थायी रैनवसेरे चिह्नत किए हैं तथा उनमें पर्याप्त बिस्तर व्यवस्था की गई है। उन्होंने उप जिलाधिकारी, पुलिस, तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि गस्त कराने के निर्देश भी दिए। गश्त के दौरान जो भी गरीब-असहाय रात्रि में बाहर मिलते हैं तो उन्हें रैनबसेरों में भेजने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल, उप जिलाधिकारी बागेश्वर हरगिरी, कपकोट, कांडा मोनिका, गरुड़ राजकुमार पांडे, पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनएस टोलिया, सीओ एसएस राणा, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका सतीश कुमार, संजय गड़िया, सड़क महकमों के अधिकारी मौजूद थे।

# गर्भवती महिलाओं को वितरित की पोषण किट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाऊंडेशन द्वारा चलाये जा रहे स्वस्थ भारत परियोजना एक पहल कुपोषण मुक्त भारत की ओर अभियान के अंतरगत जगतपुरा भंडार घर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे उपस्थित किया गया। उल्लेखनीय कार्य करने वाली पांच सुपोषण सखियों को सीडीपीओ आशा नेगी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईसीडीएस विभाग के सदस्य सीडीपीओ आशा नेगी, सुपरवाइजर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं व से नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही पौष्टिक आहार लेना चाहिए। महिलाओं को प्रदूषण वाले स्थानों पर जाने से बचना होगा क्योंकि इसका प्रभाव गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है। उन्होंने कहा प्रसव के बाद महिलाएं नवजात शिशु को



महिलाओं को स्वास्थ्य के संदर्भ के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई साथ ही कार्यक्रम में 19 गर्भवती महिलाओ को पोषण किट जिसमे भुना चना,खजूर व मुरमूरा आदि मौजूद हैं भेंट स्वरूप प्रदान किए गए। इस दौरान 38 कुपोषित बच्चों को स्वच्छता किट आदि का वितरण भी सहायिकाएं मौजूद रहे। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन से डीपीओ मोहित सक्सेना व क्षेत्र समन्वयक सुनीता गोस्वामी ने महिलाओं को बताया कि सभी को गर्भावस्था के दौरान अपने खानपान व रहन सहन विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया इस अवस्था में महिला चिकित्सक कम से कम छह माह तक अपना दूध ही पिलाएं। क्योंकि यह दूध ही नवजात शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है। उन्होंने महिलाओ को अपने बच्चों के पालन पोषण के प्रति विशेष ध्यान देने का भी आव्हान किया। इस मौके पर फाउंडेशन के अनुज भी मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड पुलिस को स्मार्ट एवं सशक्त बनाने पर सरकार प्रयासरत:धामी

## 2023 में पुलिस कांस्टेबलों के 1000 पदों पर की जायेगी भर्ती,साईबर थाने खुलेंगे

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस मुख्यालय में "उत्तराखण्ड पुलिस मंथन-चुनौतियाँ एवं समाधान" कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस को स्मार्ट एवं सशक्त बनाने के लिए फिटनेस और पर्सेप्शन मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तीन दिवसीय मंथन में कानून और व्यवस्था को और मजबूत बनाने एवं जन सरोकारों से जुड़े मामलों पर भी मंथन होगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड को 2025 तक नशामुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है, इसमें पुलिस की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 में कांस्टेबल के 1000 पदों पर भर्ती की जायेगी। जिन 1521 पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती प्रक्रिया गतिमान है, भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने तक 1521 पीआरडी जवानों द्वारा अस्थाई सेवा भी प्रदान की जायेगी। अल्मोड़ा व श्रीनगर महिला थानों में साइबर थाने खोले जाएँगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहरी लोगों के सत्यापन का अभियान लगातार चलाया जाए व भ्रष्टाचार करने वालों पर भी सख्त कारवाई की जाए। ट्रैफिक व्यवस्थाओं का बेहतर संचालन किया जाए एवं जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए साथ ही नो पेंडेंसी के आधार पर कार्य किये जाएं। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार एडीजी श्री पी.वी.के प्रसाद, श्री अमित कुमार सिन्हा, श्री वी. मुरूगेशन, आईजी श्री ए.पी अंशुमन, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस मंथन सप्ताह में पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को कहा कि अपराध नियंत्रण और महिला सुरक्षा व सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे



अभियानों की समीक्षा की जाए। ताकि, प्रदेश में कानून का राज स्थापित हो सके। पुलिस मुख्यालय में पुलिस मंथन सप्ताह 25 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। मंथन के पहले सत्र में पुलिस ने इस साल की उपलब्धियों और अभियान की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। साथ ही भविष्य की कार्ययोजना को भी बताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। उन्होंने पुलिस की फिटनेस और परसेप्शन मैनेजमेंट पर बल दिया। उन्होंने अपराधियों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई को तेज करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें उत्तराखंड को ड्रग फ्री बनाना है। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाए। राज्य सरकार की सरलीकरण की नीति के क्रम में महिला सुरक्षा को प्राथमिकता में रखा गया है। इसके लिए गौरा शक्ति योजना को महिलाओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए डिजिटलाइज्ड किया गया है। इसके तहत 45,216 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन गौरा शक्ति एप पर हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी संपर्क में रहकर तत्काल मदद कर उनकी शिकायत का समाधान करें। पुलिस विभाग में अगले साल एक हजार कांस्टेबलों की भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में 1500 से ज्यादा कांस्टेबलों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है तब तक व्यवस्था के तौर पर पीआरडी जवान पुलिस को सहयोग करेंगे। उनकी ड्यूटी पुलिस अपने हिसाब से लगाएगी। ताकि, पुलिस के काम में कोई दिक्कत न आने पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जघन्य अपराधों के मुकदमों की मजबूती से पैरवी की जानी चाहिए। इसके लिए अलग से अभियोजन अधिकारी की नियुक्ति की जाए। ताकि, सजा का प्रतिशत बढाया जाए। इसके अलावा आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थों से सम्मान के साथ पेश आएं। ताकि, वे बेहतर प्रदर्शन करें। ऐसे में वे अपने आप को सम्मानित महसूस करते हुए और दृढ़ इच्छा शक्ति से काम करेंगे। पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्याएं भी बताईं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों की आवासीय सुविधा को बढ़ाया जाएगा। भवन निर्माण के लिए बजट में वृद्धि की जाएगी। इसके साथ ही वाहन खरीद की प्रक्रिया को भी सरल किया जाएगा।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय


सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### सैनिकों का संघर्ष

तवांग में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सैनिकों की घुसपैठ और भारतीय सैनिकों से उनके संघर्ष को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष जैसे एक-दूसरे को छकाने में लगे हैं। इस अतिसंवेदनशील मसले पर लेकर संसद में गतिरोध बना हुआ है। विपक्ष इस पर चर्चा कराने की मांग कर रहा है, तो सत्तापक्ष इससे किनारा करता दिख रहा है। हालांकि घटना के प्रकाश में आने पर रक्षामंत्री ने संसद में सरकार का पक्ष रखा था, मगर विपक्षी दल उससे संतुष्ट नहीं हैं। वे सरकार से जानना चाहते हैं कि आखिर चीन की घुसपैठ की सूचना को छिपाए क्यों रखा गया और यह भी कि सरकार ने चीन को लेकर क्या रणनीति बनाई है। उधर अपनी पदयात्रा के बीच राहुल गांधी ने एक प्रेसवार्ता में कह दिया कि सीमा पर चीनी सैनिक भारतीय सैनिकों की 'पिटाई' कर रहे हैं। इसे लेकर सत्तापक्ष हमलावर है कि इस तरह के बयानों से सेना का अपमान होता, उसका मनोबल गिरता है और उसका इस्तेमाल अपनी राजनीति चमकाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इस तरह संसद में अब हंगामे का केंद्र बिंदु चीन की घुसपैठ से खिसक कर सेना के अपमान और मनोबल पर पहुंच गया है। यानी प्रकारांतर से दोनों ने सेना को अपनी राजनीतिक रस्साकशी का जरिया बना लिया है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब सेना को राजनीति में घसीटने का प्रयास किया जा रहा है। मुद्दा सेना के साहस और मनोबल का नहीं है। असल विषय है चीन की घुसपैठ का। यह अच्छी बात है कि भारतीय सैनिकों ने चीन की रणनीति पर पानी फेर दिया और उसके सैनिकों को वापस लौटना पड़ा। मगर यह सवाल अभी तक अनुत्तरित है कि आखिर चीन ने यह हिमाकत की कैसे। अगर सरकार सचमुच कूटनीतिक रूप से उस पर दबाव बनाए रहती, तो शायद वह ऐसा करने की सोच भी नहीं सकता था।फिर इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि चीन की तरफ से बार-बार हो रही ऐसी हरकतों पर कैसे विराम लगाया जाए। कुछ समय पहले तक उसने लद्दाख क्षेत्र में भी लंबे समय तक तनाव की स्थिति पैदा किए रखी। ऐसे मामलों में परंपरा रही है कि सत्तापक्ष सभी दलों के साथ मिल-बैठ कर चर्चा करता और फिर देश को विश्वास में लेकर कोई व्यावहारिक कदम उठाता रहा है।मगर सरकार ने इस तकाजे को समझना तो दूर, एक तरह से इस पर परदा डालने का ही प्रयास किया है। इसलिए भी विपक्षी दलों को इसका राजनीतिक लाभ लेने का मौका मिला है। किसी देश के सुरक्षाबलों का सीमा के भीतर घुस आना और हमारे सुरक्षाबलों से गुत्थमगुत्था हो जाना निस्संदेह संवेदनशील मामला है, इसे ढंकना-छिपाना या इस पर चुप्पी साधे रखना किसी भी रूप में सवालों से परे नहीं माना जा सकता। मगर हैरानी की बात है कि सैन्य रणनीति से जुड़े इस संवेदनशील मामले को सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों राजनीतिक रंग देने पर तुले हुए हैं। प्रतिरक्षा से जुड़े फैसले गोपनीय रखे जाते हैं, उसकी रणनीतियां इस तरह राजनीति के केंद्र में नहीं लाई जातीं। इससे दुश्मन देश को अपनी रणनीति बनाने में मदद मिलती है। मगर पिछले कई सालों से देखा जा रहा है कि सेना की गतिविधियों को राजनीतिक मंचों से मुद्दा बना दिया जाता है। यहां तक कि चुनाव में भी उन्हें भुनाने की कोशिश की जाती है। इस तरह सेना के मनोबल पर तो प्रतिकूल असर पड़ेगा ही, चीन को भी इस राजनीतिक रस्साकशी का लाभ उठाने का मौका मिल सकता है।

# आरटीओ ने ऑटो में बैठकर सवारियों से वसूले जा रहे किराये की जांच के लिए चलाया चेकिंग अभियान

देहरादून। दून में आटो चालक किस तरह सवारियों से किराये के नाम पर लूट-खसोट करते हैं, गुरुवार को इस हकीकत से आरटीओ (प्रवर्तन) शैलेश तिवारी का भी साक्षात्कार हो गया। दरअसल, व्यवस्था के आकलन के लिए आरटीओ स्वयं सवारी बनकर आटो में सवार हुए थे। चालक ने उनसे जाखन किशनपुर से सिल्वर सिटी तक का किराया 150 रुपये मांगा, जबकि तय किराया 80 रुपये है। इसी तरह रेलवे स्टेशन और आइएसबीटी से भी मनमाना किराया वसूला जा रहा है। आटो का चालान करने के साथ ही परमिट शर्तों के उल्लंघन में चेतावनी पत्र जारी किया गया है। आरटीओ ने बताया कि आटो, विक्रम समेत निजी बस, सिटी बस, टैक्सी-मैक्सी कैब में सवारियों से वसूले जा रहे किराये की जांच के लिए चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। अधिक किराया वसूलने वाले वाहनों का न केवल चालान किया जाएगा, बल्कि चालक के लाइसेंस व वाहन के परमिट के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। आरटीओ शैलेश तिवारी सरकारी वाहन से गांधी रोड पहुंचे और वाहन व चालक को वहीं छोड़ दिया। वहां से पैदल रेलवे स्टेशन पहुंचे और आइएसबीटी के लिए आटो बुक किया। आटो चालक ने 150 रुपये किराया मांगा। आरटीओ उसी आटो से आइएसबीटी पहुंचे तो उन्होंने परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम



को बुला लिया। आरटीओ ने बताया कि राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से तय किराये के तहत रेलवे स्टेशन से आइएसबीटी तक का किराया 115 रुपये बनता है। आरटीओ ने चालक को 115 रुपये दिए और वाहन को सीज करने के आदेश दिए, लेकिन सच्चाई जानने के बाद चालक उनके सामने गिड़गिड़ाकर माफी मांगने लगा। इस पर आरटीओ ने अधिक किराया मांगने व वाहन में किराया सूची नहीं के लिए उसका चालान किया और चेतावनी पत्र दिया। इसके बाद आरटीओ सरकारी वाहन से हरिद्वार रोड पर उतरकर कुछ दूर पैदल चलकर रिस्पना पुल पहुंचे और सिल्वर सिटी माल तक के लिए आटो बुक किया। चालक ने किराया 150 रुपये बताया। आरटीओ ने जब जांच की तो किराया वास्तव में 150 रुपये बैठ रहा था। इस पर आरटीओ ने आटो चालक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की बात कही। किशनपुर से आरटीओ ने सिल्वर सिटी माल तक के लिए आटो बुक किया। आटो चालक ने उनसे 150 रुपये मांगे। आरटीओ आटो में सवार होकर माल तक पहुंचे और प्रवर्तन टीम बुला ली। आरटीओ ने बताया कि तय किराया 80 रुपये बन रहा है। इसके बाद आटो का चालान कर चेतावनी दी गई। राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) के अनुसार पहले दो किमी के लिए आटो का किराया 60 रुपये है। इसके बाद प्रति किमी 18 रुपये किराया है। रात 10 बजे से सुबह पांच बजे तक 50 प्रतिशत अतिरिक्त किराया है। सभी वाहनों में किराये की दर की सूची लगाना अनिवार्य है। आरटीओ ने बताया कि रेलवे स्टेशन और आइएसबीटी से मनमाना किराया वसूली की सबसे ज्यादा शिकायतें हैं। रात्रि में सवारियों से तीन से चार गुना अधिक किराया वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि रात को भी किराये को लेकर औचक चेकिंग की जाएगी। आरटीओ ने बताया कि आटो में प्रीपेड मीटर की कार्रवाई गतिमान है।

# 24 दिसंबर को आंदोलनकारियों से देहरादून चलो का आह्वान

## क्षैतिज आरक्षण विधेयक पर कैबिनेट सब कमेटी बनाए जाने की निन्दा

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप ने राज्य कैबिनेट द्वारा राज्य निर्माण आंदोलनकारियों के 10% क्षैतिज आरक्षण के सवाल पर तीन सदस्यों की कैबिनेट सब कमेटी बनाए जाने के फैसले को ढकोसला बताया है।उन्होंने सरकार के इस फैसले को आंदोलनकारी विरोधी फैसला बताते हुए इसे राज्य निर्माण आंदोलनकारियों के साथ खिलवाड़ बताते हुए इसके विरुद्ध 24 दिसंबर को उत्तराखंड आंदोलनकारियों के संयुक्त समूह द्वारा मुख्यमंत्री आवास के घेराव की घोषणा की है और राज्य भर के तमाम निर्माण आंदोलनकारियों से 24 दिसंबर को ष्देहरादून चलोष्का आह्वान किया है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी 2015 से इस मामले में भाजपा सरकार के फैसले का इंतजार कर रहे हैं परंतु 7 साल गुजर जाने के बाद भी भाजपा सरकार आंदोलनकारियों की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर रही है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि जब वे सन 2015 में राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद के अध्यक्ष थे तब उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत को राजी करके 10% शेती आरक्षण का बिल गैरसैण विधानसभा सत्र में पास करवाया था परंतु अफसोस है भाजपा ने अपने राज्यपालों से इस पर कभी हस्ताक्षर कराने में रुचि नहीं दिखाई और आंदोलनकारी सपनों को धोखा दिया। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारी इस मामले में झुकेंगे नहीं और गांधीवादी सत्याग्रह के माध्यम से सरकार पर अपना दबाव बनाने का संघर्ष जारी रखेंगे ।उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कहा एक और तो वे राज्य निर्माण आंदोलनकारी होने का दम भरते अघाते नहीं हैं, दूसरी और उनके मुख्यमंत्री रहते आंदोलनकारी क्षेतीज आरक्षण के सवाल पर सरकार ने डिटले टैक्टिस अपना ली है, जिसके लिए उन्होंने उन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहां 24 दिसंबर का आंदोलनकारी सत्याग्रह संघर्ष पर्व है जिसका नेतृत्व उत्तराखंड आंदोलनकारी मंच के अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी, रामलाल खंडूरी अंबुज शर्मा क्रांति कुकरेती, प्रदीप कुकरेती, हरि कृष्ण भट्ट, विशंभर बांठियाल,सावित्री नेगी वीरेंद्र बजेठा,आदि के साझे नेतृत्व में इस संघर्ष को अंजाम दिया जाएगा।

# पर्यटक स्थलों पर होगा नव वर्ष 2023 का स्वागत

## मसूरी और नैनीताल समेत प्रमुख पर्यटन स्थलों में मनोरंजन के विशेष इंतजाम, होटल-रिसार्ट में थर्टी फर्स्ट और न्यू ईयर को लेकर तैयारियां जोरों पर ,कारोबारियों में उत्साह






देहरादून/ नैनीताल( उद ब्यूरो)। वर्ष 2022 की विदाई और नव वर्ष 2023 के आगमन में अब चंद दिन ही बाकी हैं। ऐसे में मसूरी व नैनीताल समेत उत्तराखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में नए साल के स्वागत की तैयारी शुरू हो गई है। सैलानी भी देवभूमि की वादियों में नए साल का जश्न मनाने के लिए उत्साह के साथ बुकिंग करा रहे हैं। मसूरी के होटलों में लगभग 50 प्रतिशत तो नैनीताल में लगभग 80 प्रतिशत एडवांस बुकिंग हो चुकी है। इसमें हर रोज पांच से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो रही है। नए साल के लिए होटलों में कई तरह के पैकेज उपलब्ध हैं, जिनमें ठहरने, खाने के साथ मनोरंजक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। सैलानियों के मनोरंजन के लिए ग्रुप पार्टी के साथ स्पेशल डिनर, गाला नाइट और बोन फायर का विशेष इंतजाम किया गया है। लोकगीत और संगीत की भी धूम रहेगी। लाइव म्यूजिक और सिंगिंग व डांसिंग इवेंट भी होंगे। बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरंजन व क्विज आधारित प्रतियोगिताएं होंगी। इनका लुत्फ उठाने के लिए अलग-अलग कैटेगरी में अलग-अलग एंट्री फीस रखी गई है, जो दो हजार से 50 हजार रुपये तक है। विशेष कलाकारों की प्रस्तुतियों का आनंद लेने के लिए अतिरिक्त खर्च करना होगा। मसूरी और आसपास के पर्यटक स्थलों में लगभग 400 होटल, होम स्टे, गेस्ट हाउस और रिसार्ट हैं, जिनमें करीब 30 हजार सैलानियों के ठहरने की क्षमता है। यहां 2400 वाहनों की पार्किंग का इंतजाम है। इसी तरह नैनीताल और इसके आसपास होटल, होम स्टे, गेस्ट हाउस और रिसार्ट की कुल संख्या 1000 के करीब है। इनमें लगभग 25 हजार सैलानियों के ठहरने की क्षमता है। नैनीताल में लगभग 5000 वाहन की पार्किंग की व्यवस्था है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार दिसंबर के अंतिम सप्ताह में वर्षा का आसार हैं। ऐसे में नए वर्ष का स्वागत कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के साथ होने की उम्मीद है। अगर, आप नया साल मनाने के लिए उत्तराखंड की वादियों में आ रहे हैं तो गर्म कपड़े साथ जरूर रखें। उत्तराखंड में न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिये सैलानी देहरादून, मसूरी,धनोल्टी,चकराता, औली, लैंसडौन ,नैनीताल, मुक्तेश्वर ,कौसानी, रानीखेत,टिहरी झील, ऋषिकेश,नई टिहरी, सरोवर नगरी नैनीताल सहित रामगढ़, भीमताल, रामनगर और समीपवर्ती पर्यटक स्थलों में होटल-रिसार्ट में थर्टी फर्स्ट और न्यू ईयर को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट का कहना है कि कुमाऊं मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउसों के साथ ही बड़े होटलों में कुमाऊंनी व्यंजन पर्यटकों को परोसे जाएंगे। रामनगर के कार्बेट में नए साल के लिए बुकिंग पहले ही फुल हो चुकी है। नैनीताल के उप जिलाधिकारी राहुल साह के अनुसार पार्किंग को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। शहर में पार्किंग फुल होने पर रूसी बाईपास व नारायण नगर में वाहनों को पार्क कराया जाएगा। फिलहाल, नैनीताल में सुबह और शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है। नव वर्ष पर यहां न्यूनतम तापमान दो डिग्री तक नीचे जाने का अनुमान है। होटलों में बढ़ रही एडवांस बुकिंग को देखते हुए मसूरी के होटल कारोबारियों को उम्मीद है कि नए साल पर पहाड़ों की रानी पर्यटकों से लकदक रहेगी। मसूरी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल का कहना है कि मसूरी के अलावा आसपास के पर्यटक स्थलों कैम्पटी फाल, बुरांशखण्डा, धनोल्टी आदि में भी होटलों में लगातार बुकिंग बढ़ रही है।

Anant Graphics
ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# नदी में अवैध खनन की समस्या को छात्रा ने चार्ट प्रोजेक्ट पर उकेरा

## एसडीएम ने छात्रा के प्रयास को सराहा

सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। नगर के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर द्वितीय में आयोजित बाल शोध मेले में कोसी में हो रहे अवैध खनन से नगर में बढ़ रही समस्याओं को



प्रोजेक्ट के माध्यम से दर्शाया गया। छात्रा द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट ने उपजिलाधिकारी का ध्यान भी समस्या की ओर आकर्षित किया। राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर द्वितीय में कक्षा पांच की छात्रा यामनी पुत्री प्रमोद निवासी मोहल्ला टांडा बंजारा ने विद्यालय में हो रहे बाल शोध मेले में कोसी नदी में हो रहे अवैध खनन से नगर में विभिन्न प्रकार की हो रही समस्याएं को लेकर एक प्रोजेक्ट बनाकर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी को विस्तार से समझाया। छात्रा यामनी ने प्रोजेक्ट के माध्यम से बताया कि कोसी नदी में हो रहे अवैध खनन से नगर व आसपास क्षेत्र मे परेशानिया हो रही है। कुछ दिन पहले यामनी ने कोसी नदी पहुंचकर देखा कि कोसी नदी क्षेत्र में खनन माफियाओं ने उपखनिज निकालकर गहरे गड्ढे कर दिए है जिससे नगर में पानी की सबसे बड़ी समस्या आ रही है और किसानों को फसल के लिए पानी की समस्या हो रही है और प्रदूषण बढ़ रहा है और वनस्पति मुरझा रही है। अवैध खनन की वजह से कोसी नदी पर बने यातायात पुल व रेल पुल को खतरा बना हुआ है। यातायात पुल क्षतिग्रस्त होने से भारी वाहनों पर तीन माह के लिए रोक लगा दी है। यदि कोसी नदी से अवैध खनन इसी तरह होते रहेगा तो क्षेत्र में पानी की सबसे बड़ी समस्या पैदा हो जायेगी और लोगो इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। एसडीएम ने कोसी नदी में हो रहे अवैध खनन को जनमानस के लिए नुक्सानदेह बताया कहा कि आज बालपन अपना आगे का भविष्य को निखारते है वही एक छात्रा ने आने वाले भविष्य को एक प्रोजेक्ट के जरिए दर्शाया है, यह सराहनीय है।

# वन भूमि हस्तांतरण के मामलों में समन्वय बनाकर कर काम करें अधिकारी: डीएम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जनपद की सड़कों, पेयजल योजनाओं एवं अन्य विकास कार्यों के लिए होने वाली वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया के संबंध में कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी वंदना ने वर्चुअल मध्यम से सभी उपजिलाधिकारियों एवं अन्य कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण करने वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वन भूमि हस्तांतरण में जो भी प्रक्रियाएं होनी हैं, उन्हें संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर कर लिया जाए। साथ ही कहा कि जो भूमि वन हस्तांतरण की प्रक्रिया में वन विभाग को उपलब्ध कराई गई है, तथा उक्त भूमि को संयुक्त निरीक्षण में वृक्षारोपण के लिए अनुपयुक्त बताया गया है तो उसके लिए उपजिलाधिकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ स्वयं निरीक्षण करें, उसका नक्शा डिटेल तैयार करें तथा वास्तविक स्थिति का पता करें। साथ ही जिलाधिकारी ने



लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, जल निगम, जल संस्थान के अधिशाषी अभियंताओं तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त प्रक्रिया में दस्तावेजों के सही प्रारूप में ऑनलाइन करने, भूमि के लिए (एनपीवी) नेट वर्तमान मूल्य का भुगतान करने समेत अन्य सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए कार्यों की विधिवत स्वीकृति प्राप्त करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में जो भूमि वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त है, उसके नामांतरण हेतु अग्रिम कार्यवाही करनी सुनिश्चित करें। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने वन पंचायतों के रिकॉर्ड से संबंधित समीक्षा की। जिलाधिकारी ने समस्त तहसीलों से प्राप्त वन पंचायतों के विवरण के बारे में एक एक कर सभी तहसील की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्तमान में जितने भी वन पंचायतों के दस्तावेज पूर्ण नहीं हैं, उन्हें पुन: ढूंढे तथा जिन वन पंचायतों के सभी दस्तावेज पूर्ण हैं, उनके संबंध में अग्रिम कार्यवाही शुरू करें। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी (सिविल सोयम) ध्रुव सिंह मर्तोलिया समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# छात्राओं को दी विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं को वाणिज्यिक के लाभ एवं प्राधिकरण के कार्यों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्तव्यों के बारे में बताया



गया। अधिवक्ता सुभाषिनी द्विवेदी द्वारा पोस्को एक्ट एवं स्थाई लोक अदालत के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। अनुराग आनंद ने वर्तमान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में होने वाले क्रियाकलापों के बारे में बताया। गोष्ठी में शालिनी गुप्ता ने छात्राओं को वर्तमान में इंटरनेट के सदुपयोग के बारे में विशेष व्याख्यान दिया। उक्त कार्यक्रम में अनुराग आनंद, गीता रानी, शालिनी गुप्ता, पिंकी तिवारी, अनीता सक्सेना, संस्था, चंद्रबली यादव, राधेश्याम, सुनील शर्मा, किरण कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने शातिर अपराधी रवि शूटर को किया जिला बदर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।आपराधिक प्रवृत्ति के लोगो के विरुद्ध पुलिस का रवैया सख्त हो गया है। शातिर अपराधी रवि आर्य उर्फ रवि शूटर को नैनीताल जिले से जिला बदर कर दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रवि आर्य उर्फ रवि शूटर पुत्र प्रकाश चंद्र आर्य निवासी वेलेजली लॉज के विरुद्ध कई आपराधिक मामले पंजीकृत होने के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ




रहा था। जिस पर एसएसपी द्वारा रवि आर्य उर्फ रवि शूटर के विरुद्ध गुंडा अधिनियम की कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की गई थी। इसी क्रम में रवि शूटर को 22 दिसंबर को न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट के आदेशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा कार्यवाही करते हुए उपनिरीक्षक प्रकाश पोखरियाल चौकी प्रभारी भोटिया पड़ाव द्वारा रवि आर्य पुत्र प्रकाश चंद्र आर्य, निवासी वेलचरी लॉज हल्द्वानी को जनपद नैनीताल की सीमा से जिला बदर किया गया।

# इंस्पिरेशन स्कूल में संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का संचालन रमणिका जोशी, आरूष साह और हसन सुहैल द्वारा किया गया। इस



प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा, निर्णायक मंडल में रोबिन कुमार आर्या, श्रीमती निशा काण्डपाल, संस्कृत शिक्षिकाएँ श्रीमती राधा भट्ट तथा श्रीमती राधा पिलखवाल मौजूद रहे। तनिष्क भट्ट, दक्षिता शाही, दृष्टि तिवारी, अवनतिका उप्रेती, अदिति भट्ट, हर्ष जोशी, तमन्ना भट्ट, तेजस्विनी भट्ट, सौम्या उपाध्याय, नमन कठायत, आकांक्षा पंत का प्रर्दशन उत्कृष्ट रहा। विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत कर उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गई।

# महिलाओं पर बढ़ते अपराध

आज समाज में महिलाये सुरक्षित क्यों नहीं, ना थीं, ना है, ऐसा क्यों ? क्योकि हमारा समान पुरुष प्रधान समाज है। घर के अंदर हो या बाहर पुरुष प्रधान है। हम चाहे जितने भी नारे लगा लें श्बेटा बेटी एक समानष लेकिन हकीकत यही है कि हमारी जुबान कुछ कहती है, दिमाग कुछ सोचता है। हम आज भी बेटा बेटी मे, अपनी और दूसरी की बेटियों में फर्क करते हैं। हमारे अंदर समानता की कमी है। लिंग में समानता अपने और दूसरे में समानता बहुत जरूरी है। जब तक ऐसी सोच पैदा नही होगी, महिला अपराध कम नहीं होगा।हम अपनी बहन-बेटी को अपना समझाते हैं, दूसरों की बहन बेटियो को आइटम समझते हैं। एक बात दुनिया के हर नागरिक को बताना चाहता हूँ कि वाहे गुरु, परमात्मा, खुदा एक है और हम सब भी एक है। हम सब के बीच एक रिश्ता है मानवता का। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कुछ लोगों ने इस पवित्र रिश्ते को घिघौना पाप करके गंदा कर दिया है। सन् 2015 एनसीआरबी की एक रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश में 36400 रेप केस रजिस्टर हुए हैं। कितने केस तो ऐसे है तो आज तक सामने ही नही आये। बेटी का मामला है चुप हो जाओ, हम बेटी का स्कूल बदल देंगे, कॉलेज देगे, हम शहर बदल देंगे क्यों? क्योंकि हम कमजोर है, बेटियो को कमजोर बोझ समझते हैं। वो कमजोर नहीं हैं उन्हें कमजोर बनाया जा रहा है। दरअसल कमजोर वह सोच है जो दूसरों को कमजोर समझती है। औरत कभी कमजोर या अपवित्र नहीं हो सकती। वो तो बहुत महान है, पूज्यनीय है जो अपनी कोख से राजाओं, संतो योद्धाओं को जन्म देती है। मैं दुनिया की हर बहन को एक संदेश देना चाहता है, कि आप खूब पढ़ो, शिक्षित हो, सेशन कोर्ट, हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के जज बनो, वकील बनो , पुलिस की बढ़ी अधिकारी बनो, लेखक बनो, पत्रकार बनो, समाज सेविका बनो, शिक्षिका बनो, अच्छी नागरिक बनो। जिस दिन ऐसा होगा, उस दिन से महिला अपराध कम होने लगेगा और जिन बहनों को आज तक न्याय नहीं मिला है उन्हें न्याय मिलेगा।

**-गुरप्रीत सिंह , हल्द्वानी**

# पेज एक का शेष...

**नेजल वैक्सीन को..**व्यापक रूप से प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को उत्तेजित करने में सहायक होगी। सार्स-सीओवी-2 जैसे कई वायरस सामान्यतौर पर म्यूकोसा के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं। यह नाक में मौजूद एक ऊतक है। वायरस म्यूकोसल झिल्ली में मौजूद कोशिकाओं और अणुओं को संक्रमित करते हैं। ऐसे में नेजल शॉट के माध्यम से वायरस को शरीर में प्रवेश करने से पहले ही खत्म किया जा सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक इंट्रानेजल वैक्सीन शॉट इम्युनोग्लोबुलिन ए का उत्पादन करते हैं, जो वायरस के प्रवेश की साइट यानी नाक में ही मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करके वायरस को बढ़ने से रोक सकते हैं। भारत बायोटेक द्वारा साझा की गई जानकारियों के मुताबिक यह नेजल वैक्सीन, अब तक प्रयोग में लाई जा रही अन्य वैक्सीन्स से काफी अलग और प्रभावी है। यह वैक्सीन चूंकि नाक के माध्यम से दी जाती है जो नाक के भीतर प्रतिरक्षा प्रणाली तैयार करके वायरस के प्रवेश करते ही उसे निष्क्रिय कर देगी। अब तक दी जा रही वैक्सीन्स से अलग, इसके लिए निडिल की आवश्यकता नहीं होगी। इसे उपयोग में लाना भी आसान है घर पर भी इसको प्रयोग किया जा सकेगा। इसके लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों की आवश्यकता भी नहीं है। सुई से संबिधित जोखिमों जैसे संक्रमण, या वैक्सीनेशन के बाद होने वाले दर्द से मुक्ति मिलेगी। बच्चों और वयस्कों के लिए आदर्श रूप से उपयुक्त है। सबसे खास बात यह वायरस को शरीर में प्रवेश करने से पहले ही मारने की क्षमता वाली है, ऐसे में इससे शरीर के अंगों को होने वाली समस्याओं का जोखिम नहीं होगा।

**नाबालिग के नाम कराया..** संपत्ति का नामांतरण कराया। सूत्रों की माने तो यह ताना-बाना आयकर विभाग को गुमराह करने के लिए रचा गया।बताया गया है कि रतन सिनेमा रोड पर स्थित दुकानों का किराया पहले उमेश गुप्ता वसूल किया करते थे। इसके बाद किराए की रकम की रसीद उनके नाबालिग पुत्र वरुण के नाम काटी जाने लगी। वर्तमान में दुकानों का किराया खुद वरुण वसूल कर रहे हैं। उधर इस बारे में जब अधिवक्ता हेमंत प्रकाश ने नगर आयुक्त से जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने महज टैक्स जमा करने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया। अधिवक्ता हेमंत प्रकाश ने नगर आयुक्त को शिकायती पत्र देकर गलत तरीके से किए गए नामांतरण को खारिज करते हुए आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

**एसएसपी ने लगाई..**मौजूद अन्य सुविधाओं का भी लाभ उठाने हेतु निर्देशित किया गया। जिन स्थानों पर अवैध शराब या नशीली वस्तुओं की बिक्री होती है उसके संबंध में पुलिस को आवश्यक सूचना देकर जन सहभागिता के माध्यम से नशे का उन्मूलन करने में पुलिस से सहयोग किए जाने हेतु जागरूक किया गया। समस्त लोगों को इस संबंध में भी निर्देशित किया गया कि यदि उनके घर में कोई किराएदार या घरेलू नौकर रहते हैं तो उनका भी शत प्रतिशत सत्यापन थाने में अवश्य करवाएं ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। क्षेत्राधिकारी रामनगर बलजीत सिंह भाकुनी व थानाध्यक्ष कालाढूंगी नंदन सिंह रावत को निर्देशित किया कि यदि नाबालिग बालक वाहनों का प्रयोग कर रहे हैं उनके माता- पिता को बुलाकर उनकी काउंसलिंग करते हुए जागरूक किया जाए तथा थानाक्षेत्र अंतर्गत घूमने वाले फड़ फेरी वालों व कबाड़ियों आदि व्यक्तियों का भी सत्यापन किया जाए। जनता ने चौपाल को पुलिस की एक अच्छी पहल बताते हुए भविष्य में इस प्रकार की अन्य चौपाल का आयोजन किए जाने हेतु आग्रह किया। ताकि जनता इसके माध्यम से अपने समस्याओं को उच्चाधिकारियों तक पहुंचा सके।

**हजारों श्रद्धालुओं ने ..**श्रद्धालुओं ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक रणजीत सिंह, हरभजन सिंह, गुरदयाल सिंह, गुरवंत सिंह सोनी, हर भाग सिंह, दविंदर सिंह, जोगिंदर सिंह, पलविंदर सिंह, सुखवंत सिंह भुल्लर, बलदेव सिंह चीमा, रंजीत सिंह राणा, आदि सेवादार मौजूद थे।

**लाखों की स्मैक..** से वह अवैध स्मैक खरीद कर यहां जसपुर कुंडा व काशीपुर में नशेड़ियों को ऊंचे दामों पर बेचने का काम करता है। बरामद समय की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों में आती जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार नशे के सौदागर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए तस्करी में प्रयुक्त बाइक को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। अभियुक्त की रिमांड लेने के लिए पुलिस ने कोर्ट में अर्जी लगाई है। इसके साथ ही पुलिस पकड़े गए नशे के सौदागर की कुंडली खंगालने में जुटी हुई है।

**भारत में नहीं होंगे..**बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक अभी देश में कोविड की लहर आने की संभावना नहीं है। हां, लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। सभी कोविड नियमों का पालन जरूर करना चाहिए।

**संदिग्ध हालातों में..**लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर गायब युवक की तलाश की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। अंत में परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवक का पता लगाना शुरू कर दिया है।

# धूमधाम से मनाया गया 52वां उर्स

सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। मौ०श्याम नगर में हजरत दादा भूरे शाह मियां बाबा रहमतुल्लाह अलेह का 52वां उर्स मनाया गया। बृहस्पतिवार देर रात्रि सुल्तानपुर पट्टी मोहल्ला श्याम नगर हजरत दादा भूरे शाह मियां बाबा रहमतुल्लाह अलैह की



दरगाह पर 52 वां उर्स बड़ी शान ओ शौकत के साथ मनाया गया। चादर पोशी मुख्य बाजार से होते हुए दरगाह तक निकाली गई।इस दौरान कव्वाली का आयोजन भी किया गया दूर-दूर से पहुंचे अकीकत मंदो ने दरगाह पर अमन चौन की दुआएं मांगी। इस अवसर पर आलिम अहमद अंसारी, इकरार अंसारी नदीम अंसारी, इमरान अंसारी, गुलफाम, मोहसिन, दानिश, साकिर पधान शमशाद मेंबर इकबाल,आसिफ मलिक, याकूब, आदि लोग मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
SANSUI
mi
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)